हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में ट्रस्ट का सख्त फैसला

# चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर अब कृष्ण मोहन देखेंगे मंदिर की व्यवस्था

- पारदर्शी व्यवस्था के लिए बनेगी समिति 22 जुलाई को अगली बैठक
- कृष्ण मोहन राय ने कहा मंदिर पर आया अविश्वास दूर करना चुनौती


चंपत राय


अनिल मिश्रा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है, जिसके तहत चंपत राय की विदाई के बाद अब कृष्ण मोहन को ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा द्वारा दिए गए इस्तीफों पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता के. परासरन ने ट्रस्ट के संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि इस्तीफा दिए जाने के बाद वह स्वतः प्रभावी माना जाता है और ट्रस्ट के पास इसे अस्वीकार करने का कोई विकल्प नहीं है। इसके बाद दोनों के इस्तीफे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिए गए। कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने कहा कि भविष्य में मंदिर की व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्रुटिरहित बनाने के लिए बैठक में एक छोटी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को निर्धारित की गई है, जिसमें एसआईटी की जांच रिपोर्ट की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, नए न्यासियों की नियुक्ति पर विचार होगा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। ट्रस्ट ने दो टूक शब्दों में कहा कि चोरी में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और एसआईटी निष्पक्ष जांच कर उन्हें कानून के तहत कठोर दंड दिलाएगी।


बैठक के बाद निकलते ट्रस्ट के पदाधिकारी

**दावा : दान में आईं 2800 प्रकार की वस्तुएं सुरक्षित**

जिम्मेदारी संभालते ही कृष्ण मोहन ने राम भक्तों को भरोसा दिलाया कि अविश्वास के भाव को समाप्त करने के लिए जो भी आवश्यक और कड़े कदम उठाने की जरूरत होगी, ट्रस्ट वह सारे कार्य पूरी निष्ठा के साथ करेगा।

## जानिए कौन हैं कृष्ण मोहन



कृष्ण मोहन का जन्म सितंबर 1952 में बरेली में हुआ था। उनके पिता रेलवे में अधिकारी थे। वह मूल रूप से उप्र के हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार के रहने वाले हैं। 1970 के दशक में लखनऊ विवि से एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद, करीब पांच वर्ष तक एटॉमिक एनर्जी विभाग में एक वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। बाद में उनका चयन आईएफएस में हुआ और उन्हें महाराष्ट्र कैडर मिला। वर्ष 2012 में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वे सामाजिक और जनसेवा के कार्यों से जुड़े रहे। वे संघ के पदाधिकारी भी रहे। पिछले साल कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद सदस्य बनाया गया था, और अब उन्हें अंतिम महासचिव बनाया गया है।

## अखिलेश बोले : ईडी-सीबीआई नहीं, एआईटी क्यों?




समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सोमवार को भाजपा पर परोक्ष रूप से तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर के कथित दान चोरी मामले की जांच को ईडी या सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के बजाए एसआईटी को इसलिए सौंपा गया, क्योंकि पार्टी के भीतर आंतरिक सत्ता संघर्ष चल रहा है। अगर इस मामले में ईडी, सीबीआई या इनकम टैक्स शामिल होते, तो जांच की कमान दिल्ली नेतृत्व के हाथ में होती। इसी डर से दिल्ली के कुछ भी कदम उठाने से पहले लखनऊ गुट ने एसआईटी गठित कर सब कुछ अपने नियंत्रण में ले लिया।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### आज पूरा होगा राज्यपाल का 5 वर्षीय कार्यकाल



भोपाल। मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का पांच वर्षीय कार्यकाल मंगलवार को पूरा हो रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से अभी तक कार्यकाल विस्तार या नई नियुक्ति को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

### दतिया विधानसभा उपचुनाव 30 जुलाई को होगी वोटिंग




दतिया। मप्र दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। तय कार्यक्रम के अनुसार, उम्मीदवार 13 जुलाई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। मतदान 30 जुलाई और मतगणना 3 अगस्त को होगी।

### भोपाल से होकर 12 से चलेगी नांदेड़ एक्सप्रेस



भोपाल। 12 जुलाई से नांदेड़-टनकपुर-नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू होगा। यह ट्रेन नांदेड़ से 12 जुलाई (प्रत्येक रविवार रात 11:40 बजे) और टनकपुर से 14 जुलाई से चलेगी।

### सीएम ने भूमि-पूजन कर कहा- राजधानी की पहचान बनेगा यह इंडस्ट्रियल पार्क

# सतगढ़ी में इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन 15 हजार से ज्यादा को मिलेगा 'रोजगार'


डॉ. मोहन यादव संबोधित करते हुए

- सीएम ने कहा कि जीआईएस में आए 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव में से 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है

यह पार्क देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल प्राकृतिक सुंदरता और झीलों-तालाबों की नगरी है, लेकिन अब यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क भी राजधानी की पहचान बनेगा। अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

प्रदेश के विकास का नया सूर्योदय हो रहा है। डॉ. यादव सोमवार 6 जुलाई को राजधानी भोपाल के सतगढ़ी में इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे 15 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दीप प्रज्वलित करते हुए

सागर ग्रुप के सुधीर अग्रवाल सतगढ़ी में 100 करोड़ का निवेश करेंगे

**25 एकड़ क्षेत्र में 10 हजार क्षमता वाला बनेगा आधुनिक कन्वेंशन सेंटर**

**समान नागरिक संहिता इसी माह लागू करने की ओर अग्रसर प्रदेश सरकार**

### प्रदेश में डंके की चोट पर लागू होगा यूसीसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की बात कही थी। उनके इस संकल्प को साकार करने के लिए राज्य में अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) इसी माह लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि डंके की चोट पर हर हालत में यूसीसी मध्यप्रदेश में लागू होगा।

### जनवरी से अब तक 86 हजार करोड़ के एमओयू

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बलबूते जीआईएस में आए 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव में से 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है। प्रदेश में पहली बार 30 प्रतिशत निवेश धरातल पर आने का नया कीर्तिमान बना है। किसान कल्याण वर्ष में जनवरी से लेकर अब तक निवेशकों के साथ 86 हजार करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं। प्रदेशभर में हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

### 5 हजार से अधिक बहनों को गारमेंट सेक्टर में काम मिलेगा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के पहले उद्योग मंत्री थे। उनके नाम पर बन रहा सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क और कन्वेंशन सेंटर भोपाल की नई पहचान बनेगा। तालाब और झीलों की नगरी भोपाल अब औद्योगिक विकास का केंद्र बन रहा है। सतगढ़ी इंडस्ट्रियल पार्क से युवाओं के लिए अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### सीहोर में भीषण सड़क हादसा

## इलाज कराने जा रहे थे, बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर...5 की मौत

- टक्कर इतनी भीषण कि उड़ गए गाड़ी के परखच्चे
- 4 गंभीर, सभी मृतक व घायल राजगढ़ के निवासी


अस्पताल में घायल मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। ग्राम मेना गोदी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके ▶▶ शेष पेज 4 पर

**वाहन की तेज रफ्तार और लापरवाही बनी वजह**


पुलिस के अनुसार बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे। प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही नजर आ रही है। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

### सीहोर में किसानों का महाआंदोलन

## 1500 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ भैरूंदा में किया चक्काजाम

**किसानों की 3 मांगें**

- पंजीकृत किसानों की पूरी मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए
- ई-टोकन व्यवस्था को तुरंत समाप्त किया जाए
- प्रति एकड़ खरीदी पर लगाई गई सीमा को पूरी तरह खत्म किया जाए


ट्रैक्टरों से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अपनी मांगों को लेकर सोमवार को सीहोर के भैरूंदा में हजारों किसानों ने एकजुट होकर डेरा डालो-घेरा डालो आंदोलन की शुरुआत की। इस दौरान 1500 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसानों ने शहर के मुख्य मार्गों को ब्लॉक कर दिया।

### मऊगंज में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी

## 1.28 करोड़ का सामान जब्त मुंबई और नागपुर से जुड़े तार


रीवा के रहने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज

जिले में पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार दोपहर शाहपुर थाना क्षेत्र के बिछौली गांव में चल रही एक अवैध एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया। पुलिस ने मौके से करीब 1 करोड़ रुपए मूल्य की 360 ग्राम संदिग्ध एमडी ड्रग, 300 लीटर नशीला केमिकल, हाईटेक मशीनें और एक बोलेरो गाड़ी जब्त की है।

### गेंद निकालने के दौरान फिसला पैर

## 100 फीट गहरी खदान में डूबने से भाई-बहन और बुआ की मौत


बच्चों को बचाने के चलते बुआ भी डूबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में सोमवार शाम करीब 4 बजे एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक स्टोन क्रेशर की लगभग 100 फीट गहरी खदान के पानी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे मासूम भाई-बहन और उनकी बुआ शामिल हैं। पीड़ित परिवार मूल रूप से बैरसिया के जम्मूसर कड़ैया गांव का रहने वाला है।

### अंतरराज्यीय जाली नोट गिरोह का भंडाफोड़

## 87,700 रु. के नकली नोटों के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार


सप्लाई चेन से जुड़े कई अहम सुराग मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय जाली भारतीय नोटों के कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 87,700 मूल्य के नकली नोटों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनका नेटवर्क खंडवा से लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा तक फैला हुआ है।

### प्रदेश में औसत बारिश का आंकड़ा अब सामान्य, कुछ जिलों में सूखे जैसी स्थिति

## शरारत कर रहा है मानसून...पूर्वी मप्र में 22 प्रतिशत कम तो पश्चिमी हिस्से में 20 फीसदी अधिक बारिश

- अगले तीन दिन प्रदेश के मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं
- कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में सोमवार तक सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश दर्ज हुई है। लेकिन पूर्वी हिस्से के अधिकांश जिले अभी सूखे जैसी स्थिति से गुजर रहे हैं। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से केवल एक प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वी मप्र में औसत से 22 प्रतिशत कम तो पश्चिमी हिस्से में 20 फीसदी अधिक बारिश हो गई है।


राजधानी का कोलार रोड, दोपहर 1:50 बजे का दृश्य

**यहां स्थिति अभी चिंताजनक**

सोमवार तक अलीराजपुर, झाबुआ, दतिया, नर्मदापुरम, छतरपुर, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, टीकमगढ़ जिले डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में अभी सामान्य से काफी बारिश हुई है।

**आज यहां भारी से अति भारी बारिश**

मंगलवार को नर्मदापुरम, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, सागर, मैहर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा में कुछ जगह भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है।

### डीएसपी की विदाई में रो पड़े ग्रामीण

## बैलगाड़ी पर बैठाकर दी अनूठी विदाई, भावुक हुआ पूरा इलाका

पत्नी की भावुक पोस्ट के बाद हुआ था तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट





नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट में हॉकफोर्स के सहायक सेनानी डीएसपी संतोष कुमार पटेल की विदाई का एक बेहद भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महज 17 महीने के कार्यकाल में डीएसपी पटेल ने स्थानीय आदिवासियों और ग्रामीणों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि उनके विदाई समारोह में 7 गांवों के लोग नम आंखों से पहुंच गए।



सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे

# शाह बोले- पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था। सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से पीएम का धन्यवाद करना चाहूंगा। पीएम के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे का जाना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा कि 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे का माना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है

**55** हजार समितियां गांव में सेवा का केंद्र बनीं

**3,000** करोड़ से पैक्स को कंप्यूटराइज किया

## हम राज्य सरकार के काम में दखल नहीं दे रहे, उनकी मदद कर रहे


केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कई योजनाओं का शुभारंभ करते हुए

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है। आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया। सहकारिता मंत्रालय ने यह साबित कर दिया है कि हम राज्य सरकार के काम में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी मदद के लिए हैं।

### सभी पीएसी के लिए एक ही बायलॉज

अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की प्राथमिक कृषि साख समिति (पीएसी) अब एक ही मॉडल बायलॉज के तहत काम कर रही हैं। 300 विभिन्न गतिविधियों को 55,000 पैक्स के माध्यम से हम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाएं दे रहे हैं। 39,000 पैक्स किसान समृद्धि केंद्र बन चुके हैं। 600 से अधिक पैक्स जन औषधि केंद्र बन चुके हैं। 75 पैक्स पेट्रोल और डीजल के खुदरा आउटलेट चला रहे हैं। 118 पैक्स जल आपूर्ति योजनाओं का रखरखाव कर रहे हैं। भारत सरकार ने 3,000 करोड़ रुपए खर्च करके पैक्स को कंप्यूटराइज करने का काम किया है।

कोलकाता पहुंचे अमित शाह



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को पूर्वी कोलकाता में उनकी 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया। कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिमा निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी मौजूद थे। शाह शाम को विश्व बांग्ला मेला मैदान में आयोजित स्मृति कार्यक्रम में भी शामिल हुए और प्रदेश भाजपा नेतृत्व के साथ संगठनात्मक मुद्दों और पश्चिम बंगाल में पार्टी की भावी रणनीति पर भी चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### अदालत ने आरोपी निदा खान को जमानत दी

**नासिक।** नासिक की एक अदालत ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की कर्मचारी निदा खान को यहां स्थित कंपनी की शाखा में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामलों में से एक में सोमवार को जमानत दे दी। उसे गिरफ्तारी के करीब दो महीने बाद यह राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी जोशी ने निदा खान को जमानत दी।



### सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारी करूर भगदड़ की याचिका

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के चर्चित करूर भगदड़ मामले में सीएम विजय थलापति की सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी दल डीएमके की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। अब इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। डीएमके के आरएस भारती ने याचिका लगाई थी।




### हादसे में सिपाही और ट्रक चालक की मौत

**कानपुर।** कानपुर के बर्रा इलाके में हुए हादसे में यातायात पुलिस में तैनात एक सिपाही और ट्रक चालक की मौत हो गई तथा एक अन्य कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गया। अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा ने कहा कि जब दोनों पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल से बर्रा मार्ग पर पहुंचे तभी ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।



### ताजमहल में मंदिर पर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 6 जुलाई को ताजमहल परिसर में तेजो महालय मंदिर होने के दावे से मामले में सर्वे के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की मांग में दाखिल याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है।



## महाराष्ट्र में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, तीसरे दिन भी हुई मूसलाधार बारिश

# मुंबई में स्कूल-कॉलेज बंद, 20 ट्रेनें रद्द 17 फ्लाइट कैंसिल, कई हाइवे बंद

कई निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी गई

मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच प्रशासन ने लोगों से बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलने की अपील की है। कई निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जबकि सरकारी, निजी और नगर निगम के सभी स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को छुट्टी घोषित कर दी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और लगातार तीसरे दिन हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे ज्यादा असर मुंबई, पुणे और आसपास के इलाकों में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच प्रशासन ने लोगों से बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलने की अपील की है। कई निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जबकि सरकारी, निजी और नगर निगम के सभी स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को छुट्टी घोषित कर दी गई थी। लगातार भारी बारिश के कारण मुंबई में दो जगह भूस्खलन हुआ। मलबे में लोग दबे हुए हैं। बचाव के लिए एनडीआरएफ रवाना हो चुकी है। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे और पुराना हाइवे भी बंद कर दिया गया है। इतना ही नहीं, भारी बारिश देखते हुए कई ट्रेनें भी रद्द कर दी गईं।

मुंबई में दो जगह भूस्खलन, मलबे में दबे लोग

तीन-चार दिन में 13 लोगों की मौत की पुष्टि


मुंबई के उपनगरीय शहर माटुंगा में सड़क पर जलभराव

### सीएम फडणवीस ने की अहम बैठक

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रालय में बने डिजास्टर कंट्रोल रूम में एक बैठक की। उन्होंने कहा कि पूरा आपदा प्रबंधन तंत्र, नगर निगम और अन्य एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। मुंबई-पुणे मार्ग पर भूस्खलन के बाद यातायात तुरंत रोका गया और राहत कार्य जारी है। सीएम ने लोगों से गैर-जरूरी यात्रा से बचने और झरनों व पर्यटन स्थलों पर न जाने की अपील की। वहीं, कांग्रेस ने बारिश से हुई मौतों और हादसों की उच्चस्तरीय जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

**विधानसभा पूरे दिन के लिए स्थगित**

सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सभी विधायकों और नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि मुंबई, पालघर और रायगढ़ में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। जिसके कारण पिछले तीन-चार दिनों में 13 लोगों की मौत हुई है।

### रेल सेवाएं प्रभावित

भारी बारिश का असर पश्चिम रेलवे की सेवाओं पर पड़ा है। वसई, नालासोपारा और विरार क्षेत्र में जलभराव के कारण वसई-नालासोपारा-विरार के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं सीमित संख्या में चलाई जा रही हैं। चर्चगेट से वसई रोड तक लोकल ट्रेनें 20-25 मिनट की देरी से चल रही हैं। वहीं, मुंबई आने वाली कई लंबी दूरी की ट्रेनों को विरार से पहले रोका जा रहा है और कुछ ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है।

### चॉल गिरने से 6 की मौत

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के मानखुर्द इलाके में चॉल गिरने की घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले छह लोगों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। यह हादसा रविवार रात भारी बारिश के बीच मंडाला इलाके में हुआ था।



### मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भूस्खलन, ये भ्रष्टाचार

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के 'मिसिंग लिंक' सेक्शन पर हुए भूस्खलन पर कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा, 'मिसिंग लिंक' पर भूस्खलन हुआ है यानी यह 'मिसिंग लिंक', उसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है। यह घटिया दर्जे का काम है।



### मनोरी तट के पास फंसा जहाज

भारी बारिश के बीच उत्तरी मुंबई में मनोरी बीच से लगभग एक किमी दूर एक जहाज फंस गया। स्थानीय पुलिस ने नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और अन्य संबंधित समुद्री अधिकारियों को स्थिति के बारे में सूचित किया गया। जहाज ने लंगर डाल दिया है और इससे जुड़ी किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। **मुंबई से पांच उड़ानें डाइवर्ट :** शहर में भारी बारिश के कारण दोपहर 3:30 बजे तक मुंबई आने वाली पांच उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया।

**आफत बनकर बरसेंगे बादल**

## पश्चिम में अत्यधिक वर्षा की संभावना आईएमडी ने जारी किया 'रेड' अलर्ट


जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बाढ़ के मलबे में सड़क पर फंसे कई वाहन

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है और कई राज्यों में अगले 24 से 72 घंटे बेहद भारी पड़ सकते हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक डॉ. शशि कांत ने बताया कि देश के पश्चिमी तट, जिसमें गुजरात, सौराष्ट्र, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और केरल शामिल हैं, वहां पूरे क्षेत्र में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। गुजरात, तटीय महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर 21 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज हो सकती है।

### मुंबई में 20 सेंमी से अधिक बारिश

मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान 20 सेंटीमीटर से अधिक अत्यधिक भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है। मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों, जिनमें पुणे, महाबलेश्वर और आसपास के इलाके शामिल हैं, वहां भी अत्यधिक भारी बारिश हुई है। महाबलेश्वर में एक-दो स्थानों पर 40 से 50 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। छत्तीसगढ़ के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया गया है, जहां अत्यधिक भारी बारिश की आशंका है।

### डोडा-किश्तवाड़ राजमार्ग बाधित

जम्मू कश्मीर में रविवार को रात भर हुई लगातार बारिश की वजह से अचानक आई बाढ़ के कारण डोडा-किश्तवाड़ राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई तथा पर्वतीय जिलों डोडा और किश्तवाड़ में निर्माणाधीन 540 मेगावाट वाली क्वार पनबिजली परियोजना के पास कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। बाढ़ आने के बाद राजमार्ग पर भारी मात्रा में कीचड़, चट्टानें और मलबा जमा हो गया।

केजरीवाल के सरकारी आवास पर फैसला

## 'शीशमहल' को कल्चरल सेंटर में तब्दील करेंगी रेखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की भाजपा सरकार ने सिविल लाइंस स्थित 6-फ्लैगस्टाफ रोड पर मौजूद पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार इस आवास को स्टेट गेस्ट हाउस और अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर के रूप में विकसित करेगी। इस आवास में दिल्ली सरकार वीवीआईपी मेहमानों की मेजबानी करेगी। इसे लेकर सरकार ने पूरा प्लान तैयार किया है। यहां सरकारी मेहमानों के लिए स्थायी सुविधा का इंतजाम किया जाएगा। देश-विदेश से यहां आने वाले सरकारी प्रतिनिधिमंडलों, विशिष्ट अतिथियों और उच्चस्तरीय अधिकारियों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस गेस्ट हाउस तैयार किया जाएगा। इसे स्टेट गेस्ट हाउस और अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर के रूप में तैयार किया जाएगा।



एसआईआर अभियान में बड़ा एक्शन

## चुनाव आयोग ने 4 राज्यों में 22 लाख से ज्यादा नाम हटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के तहत चार राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। ये राज्य ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम और सिक्किम है। इन राज्यों में से एसआईआर प्रक्रिया के तहत 22 लाख से अधिक लोगों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने साफ किया है कि जिन लोगों के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए हैं, उन्हें दोबारा अपना नाम जुड़वाने का मौका दिया जाएगा। मिजोरम में मतदाता सूची से 46,000 से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए, जो कि चारों राज्यों में से मिजोरम में सबसे कम 5.2% ही हटाए गए हैं। सिक्किम में पहले राज्य में 4.7 लाख मतदाता थे जो अब इस अभियान के चलाए जाने के बाद से सूची में 4.3 लाख मतदाता हैं।



### ओडिशा में 20 लाख से अधिक लोगों के नाम हटे

ओडिशा राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरएस गोपालन के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए गए, जिनमें 8.3 लाख लोगों की मृत्यु हो चुकी, 10 लाख लोग स्थानांतरित या फिर अनुपस्थित मिले और 1.5 लाख लोग कई जगह पर पंजीकृत मिले। मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि 7,394 मतदाताओं के नाम एक से ज्यादा जगहों पर पाए गए और 43,000 मतदाता मृत।

पंजाब कांग्रेस में चुनाव से पहले बगावत

## सांसद चन्नी दिल्ली पहुंचे, प्रभारी बघेल की बैठक में रहे अनुपस्थित

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब कांग्रेस में खुली बगावत हो गई है। पूर्व सीएम व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी ने पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल की मीटिंग का बायकॉट कर दिया है। चन्नी अपने समर्थक सांसदों, विधायकों व पूर्व विधायकों से मीटिंग के बाद दिल्ली रवाना हो गए हैं। जहां वे हाईकमान से मिलेंगे। चन्नी समर्थकों ने बघेल को रिसीव तक नहीं किया। बघेल अब चुपचाप बैठे नेता विपक्ष प्रताप बाजवा के घर गए हैं। चन्नी को नया प्रधान बनने के लिए अब तक एक सांसद सुखजिंदर रंधावा और 6 विधायकों का समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा नए वर्किंग प्रधान संगत सिंह गिलजियां भी उनके गुट में शामिल हो गए हैं। मौजूदा प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग के पक्ष में सिर्फ एक सांसद डॉ. अमर सिंह आए हैं। कोई भी विधायक उनके समर्थन में नहीं बोला है।



लखनऊ रैली के हनुमान वीडियो पर गर्माई सियासत

## सनातन के अपमान पर विपक्ष मौनः नितिन हिंदू धर्म पर आप लोग कलंकः केजरीवाल

### बजरंगबली को भूले केजरीवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुरू हुई भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं की जुबानी जंग अब भगवान हनुमान और धार्मिक आस्था के मुद्दे तक पहुंच गई है। विवाद की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के एक पोस्ट से हुई, जिसमें उन्होंने विपक्षी नेताओं पर हिंदू धर्म और सनातन के अपमान को लेकर निशाना साधा।



### हिंदू समाज से माफी मांगें

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हिंदू धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया और पूरे हिंदू समाज से माफी मांगने को कहा। यह प्रतिक्रिया भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की रैली के वीडियो के बाद आई है जिसमें एक व्यक्ति हनुमान की वेशभूषा में सड़क पर उनके काफिले के सामने नृत्य करता दिखा।

**हनुमान हमारे पूजनीय**

वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भी केजरीवाल पर तंज कसते हुए लिखा कि आपको याद है बजरंग बली कौन हैं? अगर भूल गए हैं तो याद दिला दूं कि वो हमारे पूजनीय भगवान हैं।

## कोच्चि में ब्रिक्स महिला कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक

# महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व पर वैश्विक साझेदारी का लिया संकल्प

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत केरल के कोच्चि में सोमवार से ब्रिक्स महिला कार्य समूह (डब्ल्यूडब्ल्यूजी) की दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। बैठक में 11 ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया और महिला सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व में विकास तथा साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा कर रहे हैं। बैठक का उद्घाटन करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक ने कहा कि भले ही ब्रिक्स देश भौगोलिक रूप से दूर हों, लेकिन महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता उन्हें एकजुट रखती है।

महिलाओं में वित्तीय और डिजिटल रुचि को बढ़ावा दें



कोच्चि में ब्रिक्स महिला कार्य समूह की बैठक

### महिला उद्यमिता को करें प्रोत्साहित

अनिल मलिक ने बताया कि महिलाओं की शासन और नेतृत्व में भागीदारी बढ़ाना, वित्तीय और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना, महिला उद्यमिता और कौशल विकास को प्रोत्साहित करना तथा खाद्य सुरक्षा और पोषण में महिलाओं की भूमिका।

### सदस्य देशों के बीच संवाद पर जोर

अनिल मलिक ने कहा कि पिछले कई महीनों से ब्रिक्स देशों के बीच संवाद का आधार रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सदस्य देशों के बीच बनी सकारात्मक सहमति बैठक के परिणामों को और प्रभावी बनाएगी।

### ब्रिक्स की मंत्रिस्तरीय बैठक भी होगी

यह बैठक भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास का निर्माण' के तहत आयोजित की जा रही है, जो एक जन-केंद्रित और मानवता-प्रथम दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस कार्य समूह बैठक के बाद दो दिवसीय ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक होगी, जिसका समापन 9 जुलाई 2026 को होगा। ये बैठक इन चर्चाओं को एक ठोस और व्यावहारिक दिशा प्रदान करेगी।



# इंडोनेशिया में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम, फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट, राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल तोड़ अगवानी की

इंडोनेशिया से भारत का 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य

इंडोनेशिया में 130 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने किया निवेश

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे हैं। इस दौरान पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशियाई वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पीएम मोदी के एयरक्राफ्ट को एस्कॉर्ट किया। इसके बाद एयरपोर्ट पहुंचने पर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने प्रोटोकॉल तोड़ पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया में 8 जुलाई तक रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में साझेदारी को गहरा करने पर जोर देंगे। इसके अलावा, भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के इंडोनेशिया यात्रा के कई उद्देश्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा पर जकार्ता पहुँचे, जहाँ एयरपोर्ट पर फाइटर जेट्स द्वारा एस्कॉर्ट और पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और पीएम मोदी के बीच गहरे व्यक्तिगत संबंधों को देखते हुए इस यात्रा को बेहद खास माना जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित रहेगा।

*पीएम मोदी 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में रहेंगे व्यापारिक चर्चा और भारतीयों से करेंगे मुलाकात*


राष्ट्रपति ने किया स्वागत


फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट

### मजबूत होगा रक्षा सहयोग

*रणनीतिक महत्वः हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच दोनों देशों की यह साझेदारी और भी प्रासंगिक हो गई है। इंडोनेशियाई रक्षा बलों द्वारा भारतीय विमान को एस्कॉर्ट करना मजबूत रक्षा सहयोग का प्रतीक है। दोनों देशों के बीच ब्रह्मोस मिसाइल और तेजस विमान जैसे भारतीय सैन्य उपकरणों की आपूर्ति पर भी चर्चा संभव है।हजारों साल पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंधों को संजोए दोनों देश ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरे हैं। यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय व्यापार और सामरिक रक्षा संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा में एक मील का पत्थर साबित होगी।*

### भारत-इंडोनेशिया रक्षा संबंध होंगे मजबूत

*भारत के रक्षा और सुरक्षा सहयोग में उच्च स्तरीय दौरा, नियमित द्विपक्षीय और बहुपक्षीय एक्सरसाइज और रक्षा उद्योग में गहरे सहयोग (ब्रह्मोस की बिक्री सहित) के जरिए तेजी आई है और इसका दायरा भी बढ़ा है। समुद्री पड़ोसी होने के नाते, दोनों देशों ने 2018 में हिंद-प्रशांत में भारत-इंडोनेशिया समुद्री सहयोग के साझा दृष्टिकोण को अपनाया। आईएफसी-आईओआर में एक इंडोनेशियन लाइजन ऑफिसर की तैनाती से हमारी मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस को और बढ़ावा मिलेगा। भारत एनडीए और डीएसएससी में इंडोनेशियन कैडेट्स और ऑफिसर्स के लिए स्लॉट भी तय करेगा, जिससे रक्षा के क्षेत्र में कैपेसिटी बिल्डिंग बढ़ेगी।*


### व्यापार और निवेश पर भी बनेगी बात

*इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार और निवेश के जरिए विकास को बढ़ावा देना है। विकसित भारत 2047 और एमास (गोल्डन) इंडोनेशिया 2045 के डेवलपमेंट विजन के बीच मजबूत तालमेल है। इंडोनेशिया, आसियान क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है, जिसका 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 24.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर होगा। इंडोनेशिया में अलग-अलग क्षेत्रों में 130 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने निवेश किया है।*

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका की जेल में खूनी संघर्ष, 25 की मौत


**कोलंबो।** श्रीलंका के नेगोम्बो शहर की एक जेल में ड्रग माफियाओं के दो विरोधी गुटों के बीच भीषण



हिंसक झड़प हो गई। इस खूनी संघर्ष में 4 सुरक्षाकर्मियों सहित 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू हुआ यह विवाद सोमवार सुबह तक एक बड़े दंगे में बदल गया। इसे पिछले पांच सालों का सबसे घातक जेल दंगा बताया जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए नेगोम्बो सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, कई कैदियों और गार्ड्स को चोटें लगी हैं।

### ईयू का चीन को बड़ा झटका सस्ते आयात पर 3 यूरो इ्यूटी


**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ ने चीन समेत अन्य देशों से आने वाले सस्ते सामानों पर मिलने वाली छूट



खत्म कर दी है। अब 150 यूरो तक के कम मूल्य वाले ऑनलाइन उत्पादों (बी2सी) पर प्रति डिक्लेरेशन लाइन 3 यूरो की एक समान कस्टम ड्यूटी लगेगी। इसका सीधा असर चीन के ई-कॉमर्स बाजार पर पड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क के कारण ग्राहकों का खर्च बढ़ेगा, जिससे कई लोग खरीदारी रद्द कर रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने और बाजार में निष्पक्षता लाने के लिए यह अस्थायी नियम 1 जुलाई 2028 तक लागू रहेगा।

### चिनाब नदी में बाढ़ः भारत ने खोले गेट, पाक में टेंशन

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवार क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के बाद



चिनाब नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। सुरक्षा को देखते हुए रामबन जिला प्रशासन ने सोमवार को बगलिहार डैम के तीन गेट खोलकर पानी छोड़ दिया। नदी का यह तेज बहाव अब पाकिस्तान की ओर बढ़ रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक पाकिस्तान सूखे और पानी की कमी से जूझ रहा था, वहीं भारत द्वारा छोड़े गए इस भारी पानी के कारण अब वहां अचानक भयानक बाढ़ का खतरा है।

## पहलगाम अटैक : एनआईए ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

# एनआईए का बड़ा एक्शन, कहा-भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रची थी हाफिज सईद ने

**पहलगाम में टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी**

*सीमा पार से साजिश रचने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में एक बड़ा कदम उठाते हुए लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रॉक्सी संगठन टीआरएफ के सरगना हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू की स्पेशल एनआईए कोर्ट में पूरक आरोप पत्र (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) दाखिल किया है। हाफिज सईद पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने, सीमा पार से साजिश रचने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

इस चार्जशीट में पाकिस्तान की सोची-समझी साजिश और हाफिज सईद की मुख्य भूमिका को उजागर करने के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023 और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत वैज्ञानिक व तकनीकी सबूत शामिल किए गए हैं। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी। टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। पाकिस्तान और पीओके में 9 ठिकानों पर हमला किया था। भारत का दावा है, इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पहलगाम हमले के बाद एनआईए ने 15 दिसंबर 2025 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट समेत 6 आतंकियों को आरोपी बनाया था। उस वक्त हाफिज सईद का नाम सामने नहीं आया था। पहलगाम हमले के 3 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकियों का हैंडलर सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा अभी जिंदा है। उस पर 10 लाख का इनाम है। इससे पहले 15 दिसंबर 2025 को एनआईए ने 1,597 पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की थी। उसमें पाकिस्तानी हैंडलर साजिद जट्ट, जुलाई 2025 में ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए तीन आतंकवादियों और दो गिरफ्तार आरोपियों को नामजद किया गया था।

भारत का मोस्टवांटेड है हाफिज सईद आए दिन दिन रचता है साजिश


हाफिज सईद


धर्म पूछा और दाग दी गोली

### पहलगाम हमले के बाद 5 बड़े ऑपरेशन

- **ऑपरेशन सिंदूर 7 मई 2025 :** पाकिस्तान और पीओके में जैश और लश्कर के 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए। 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। 6 जवान शहीद हुए, जानकारी बाद में आई।
- **ऑपरेशन केलर 13 मई 2025 :** इंडियन आर्मी ने शुकेल-केलर और शोपियां 3 लश्कर आतंकी ढेर किए गए। इनमें टॉप कमांडर शाहिद कुट्टे शामिल था।
- **ऑपरेशन महादेव 28 जुलाई 2025 :** महादेव रिज श्रीनगर में राष्ट्रीय राइफल्स, स्पेशल फोर्सेज ने 3 पाकिस्तानी आतंकियों (सुलेमान शाह, अबू हमजा यासिर ) को मार गिराया।
- **ऑपरेशन अखल अगस्त 2025 :** कुलगाम इलाके में बने अखल जंगल में भारतीय सेना ने 3 आतंकी मारे। सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के जंगलों में सक्रिय मॉड्यूल पर कार्रवाई की थी।
- **ऑपरेशन गुड्डर 7–17 सितंबर 2025 :** चिनार कॉर्प्स ने कुलगाम में गुड्डर जंगल में 2 आतंकी मारे। एनकाउंटर में सेना के 2 जवान सूबेदार प्रभात गौर और लांस नायक नरेंद्र सिंधु शहीद हुए।

### चार्जशीट में अब तक 5 खुलासे

- ***आतंकियों को रियल टाइम डायरेक्शन मिला*** *लश्कर आतंकी सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा को मास्टरमाइंड बताया गया था। साजिद पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है। जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान आतंकियों से बात कर रहा था।*
- ***दो गाइड्स ने आतंकियों को देखा था :*** *टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते तो हमला को टाला जा सकता था। दरअसल, दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गिरफ्तार हो चुके हैं।*
- ***हमले से पहले पेड़ के नीचे खाना खाया :*** *हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए फायरिंग भी की थी।*
- ***आतंकियों तक चीन से पहुंचा एक्शन कैमरा*** *हमले में जिस एक्शन कैमरे का इस्तेमाल किया, वह अमेरिका में बना था और चीन के रास्ते आतंकियों तक पहुंचा था। ये एक छोटा एक्शन कैमरा है, इसे बाइकिंग, ट्रैकिंग, डाइविंग और यात्रा के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए बनाया गया है।*
- ***आतंकियों के मोबाइल कराची-लाहौर से आए*** *हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से ऑरेंज कलर का RedMi 9T और एक ब्लैक कलर का RedMi Note 12 बरामद हुआ था। दोनों मोबाइल कराची की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचे थे। इनके नेविगेशन ऐप में बैसरन घाटी की लोकेशन और स्क्रीनशॉट मिले।*

## दिल्ली में पकड़े गए 6 दहशतगर्द

# शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़, पेट्रोल बम और पिस्तौलें बरामद

दो अलग-अलग नेटवर्क के जरिए रची जा रही थी साजिश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो अलग-अलग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली और पंजाब के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, पिस्तौल और खतरनाक पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी दो बेहद खतरनाक और अलग-अलग नेटवर्क के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

पहला मॉड्यूल का सीधा संबंध आतंकी गतिविधियों और देश विरोधी साजिशों से था, जो किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जबकि दूसरा मॉड्यूल पूरी तरह से अवैध हथियारों की तस्करी (आर्म्स स्मगलिंग) में लिप्त था, जो अपराधियों और गैंगस्टरों को हथियारों की सप्लाई करता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क के तार देश के कई अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।

### दिल्ली से पहले भी पकड़े गए हैं आतंकी

*दिल्ली के जामिया नगर में सितंबर सितंबर 2008 में पुलिस की स्पेशल सेल ने बटला हाउस में छापेमारी की। मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया गया और 2 को गिरफ्तार किया गया। ये इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी थे, जिन्होंने दिल्ली सीरियल ब्लास्ट किए थे। इसी तरह अक्टूबर 2023 (जैतपुर और मोहम्मदपुर) में एनआईए ने दिल्ली के जैतपुर और उत्तर प्रदेश के मोहम्मदपुर से आईएसआईएस के शाहनवाज उर्फ शफी उज्जामा सहित 3 खूंखार आतंकियों को गिरफ्तार किया। ये दिल्ली और उत्तर प्रदेश में बड़े धमाकों की साजिश रच रहे थे। सितंबर 2021 में दिल्ली के लक्ष्मी नगर में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लक्ष्मी नगर इलाके से 1 पाकिस्तानी नागरिक (आतंकी मोहम्मद अशरफ) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एके-47 राइफल और फर्जी भारतीय दस्तावेज (आ आ डी एच ए ए आर आदि) बरामद हुए थे, और वह देश में बड़े हमलों की फिराक में था।*

## राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले थलसेना प्रमुख धीरज सेठ, शिष्टाचार भेंट की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भारत की राष्ट्रपति एवं तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी



मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की है। जनरल धीरज सेठ अपनी पत्नी कोमल सेठ के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। यह मुलाकात भारतीय सैन्य नेतृत्व और राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बीच परंपरागत संवाद एवं विश्वास का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है।गौरतलब है कि यह भेंट ऐसे समय हुई है जब जनरल धीरज सेठ ने हाल ही में भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। सेना की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति से उनकी यह पहली मुलाकात है। यह मुलाकात इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। राष्ट्रपति व सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य तैयारियों से जुड़े विषयों पर संवाद की परंपरा रही है।

## भारत की गुरुकुल डिप्लोमेसी वीडियो भी शेयर किया

# 6000 किमी दूर ऑस्ट्रिया में विदेशी बच्चे पढ़ रहे पंचतंत्र की कहानियां


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत ने जब से स्कूली बच्चों को पंचतंत्र पढ़ाया है, तब से ही ये पूरा मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पंचतंत्र की कहानियां भारत में काफी पॉपुलर हैं। स्कूल में बहुत सारे स्टूडेंट्स ने इस किताब की पढ़ाई की है। स्कूल में पढ़ाई के दौरान आपने पंचतंत्र की कहानियां जरूर पढ़ी होंगी। अब इन्हें भारत से 6000 किलोमीटर दूर यूरोप के ऑस्ट्रिया शहर में भी स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू कुमारन ने 1 जुलाई को वियना के



स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं। वियना स्थित भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में राजदूत द्वारा बच्चों को पढ़ाने की गतिविधि को गुरुकुल डिप्लोमेसी का नाम दिया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उसने लिखा, गुरुकुल डिप्लोमेसी- भारतीय राजदूत शंभू कुमारन वियना में स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां पढ़ा रहे हैं।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90% गायब, ऊंचाई एक फीट बची



**3 दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए पिछले साल से 18% ज्यादा**

*श्रीनगर। अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6% ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।*

## 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा

# 15 जहाजों ने होर्मुज पार किया, सात लाख मीट्रिक टन खाद पंहुचेगी भारत

किफायती दामों में किसानों को मिलेगा यूरिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले कुल 15 जहाज़ सुरक्षित रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनके भारत पहुंचने पर भारत में खाद के भंडार में बढ़ोतरी हो सकेगी। इनमें 8 जहाजों में 3.32 एलएमटी यूरिया, 4 जहाजों में 2.57 एलएमटी डीएपी तथा 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा है। इसके साथ ही 5 और जहाज भी भारत के लिए रवाना होंगे जिनमें से एक में 0.25 एलएमटी अमोनिया तथा एक अन्य



जहाज़ में 0.45 एलएमटी यूरिया लदा हुआ है। शेष दो जहाजों में यूरिया तथा एक जहाज में सल्फर की लोडिंग की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से पूरे साल के लिए 383.9 एलएमटी उर्वरकों की जरूरत का अनुमान लगाया है इसके मुकाबले 197.56 एलएमटी का भंडारण है जो करीब 51 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उर्वरक विभाग, राज्य सरकारों के साथ लगातार समन्वय कर रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार की उथल-पुथल का प्रभाव देश के किसानों पर बिल्कुल न पड़े और उन्हें किफायती दामों पर समय पर खाद मिल सके। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतों में ऐतिहासिक उछाल के बावजूद भारत सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है।

## स्वदेशी डिजाइन और आधुनिक हथियारों से होगा लैस

स्टील्थ तकनीक से दुश्मन के रडार को देगा चुनौती

# भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होगा स्वदेशी युद्धपोत ‘महेंद्रगिरि’, बढ़ेगी समुद्री और ताकत

पहली बार किसी युद्धपोत को मिला ‘महेंद्रगिरि’ नाम

लंबी दूरी के अभियानों के लिए पूरी तरह सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को जल्द ही एक और अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत मिलने जा रहा है। प्रोजेक्ट-17ए श्रृंखला के छठे स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि (एफ-38) को 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में नौसेना के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से तैयार यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की समुद्री शक्ति, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और आधुनिक युद्ध क्षमता को नई मजबूती देगा। महेंद्रगिरि का डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने



तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। यह युद्धपोत सतह से सतह और सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइलों, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, आधुनिक सेंसर, पनडुब्बी रोधी हथियारों और एकीकृत कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसे नौसेना की बहुआयामी युद्ध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। महेंद्रगिरि स्टील्थ तकनीक से लैस फ्रिगेट है, जिसकी विशेष बनावट और डिजाइन इसे दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देती है। यही क्षमता युद्ध की स्थिति में इसे सामरिक बढ़त दिलाती है। समुद्र में चुपचाप आगे बढ़ने और जरूरत पड़ने पर घातक प्रहार करने की इसकी क्षमता इसे बेहद प्रभावी युद्धपोत बनाती है। इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट की प्रसिद्ध महेंद्रगिरि पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति, धैर्य और अडिग संकल्प का प्रतीक मानी जाती है।

### 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का हुआ इस्तेमाल

*महेंद्रगिरि के निर्माण में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण में देश की प्रमुख रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया। इससे न केवल रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हुए और देश के रक्षा विनिर्माण तंत्र को मजबूती मिली।*

### युद्ध के साथ राहत और बचाव अभियानों में भी निभाएगा भूमिका

*महेंद्रगिरि केवल युद्ध अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। इसका उपयोग मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, खोज एवं बचाव अभियान, समुद्री सुरक्षा गश्त और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिशनों में भी किया जा सकेगा। समुद्र में फंसे लोगों की सहायता से लेकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने तक यह कई अहम जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम होगा।*

# लगातार भारी बारिश होने के कारण रायपुर-दुर्ग नेशनल हाईवे पर यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लगातार बारिश के कारण रायपुर-दुर्ग नेशनल हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ है। रायपुर के चंदनडीह क्षेत्र में जलभराव से वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई है। शिवनाथ नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। जलभराव के कारण यात्रियों को आवागमन में विलंब का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते सिरसा गेट मार्ग पूरी तरह बंद है, जिसे वैकल्पिक रास्ते के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए दुर्ग पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया है। आवश्यकतानुसार डायवर्सन लागू कर वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है। दुर्ग यातायात पुलिस ने दुर्ग से रायपुर मार्ग को परिवर्तित किया है।

## रायपुर के चंदनडीह क्षेत्र में जलभराव से वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ी

### इन मार्गों का उपयोग कर रहे राहगीर




राजनांदगांव और बालोद से रायपुर जाने वाले भारी वाहन अंजोरा बाईपास, पुलगांव चौक, अंडा रिसामा, गाड़ाडीह, मर्रा, जामगांव (एम), मोतीपुर, अमलेश्वर मार्ग का उपयोग करेंगे। ट्रांसपोर्ट नगर, भिलाई या नेशनल हाईवे से रायपुर जाने वाले वाहन अहिवारा मोड़, कुम्हारी, मुरमुंदा चौक, कोचेबंद, मलपुरी कला, भालेसर, कंडरका चौक, पथरीडीह, उरला, बिरगांव होते हुए रायपुर जाएंगे। भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों के वाहन उतई, सेलूद, फूंडा, मोतीपुर मार्ग का उपयोग करेंगे। लगातार भारी बारिश से शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी पर बने कई एनीकेट उफान पर हैं। दुर्ग निगम के इंटकवेल में कचरा फंसने से शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने नदी के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। महमरा एनीकेट पर पानी एनीकेट के स्तर से लगभग चार फीट ऊपर बह रहा था।

### नदी का जल खतरे के निशान से पांच फिट नीचे

गुरुद्वारा के पास पुराने पुल पर नदी का जल खतरे के निशान से पांच फीट नीचे है। यातायात पुलिस ने शिवनाथ नदी के पुराने पुल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। प्रशासन ने नदी किनारे के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। ईंट भट्टों के संचालकों को मजदूरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश मिले हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ दुर्ग की रेस्क्यू टीम 24 घंटे अलर्ट पर है।

## बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट

लगातार हो रही झमाझम बारिश और आंधी-तूफान के बीच सोमवार को निहारिका स्थित बिलासा ब्लड बैंक के पास एक कॉम्प्लेक्स के पीछे लगा विद्युत खंभा अचानक शॉर्ट सर्किट होकर आग की लपटों में घिर गया। खंभे से करीब 10 से 15 मिनट तक चिंगारियां निकलती रहीं और यह आतिशबाजी की तरह जलता रहा। घटना से आसपास के व्यापारियों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज बारिश के दौरान अचानक तेज आवाज के साथ खंभे में स्पार्किंग शुरू हुई और देखते ही देखते उसमें आग लग गई। खंभे से निकलती चिंगारियां आसपास की



दुकानों और वाहनों के ऊपर गिर रही थीं। किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए स्थानीय व्यापारियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी।

## खबर संक्षेप




### मेडिकल ऑफिसर एसो. अध्यक्ष बने डॉ. श्रीवास्तव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा रविवार को डॉक्टर डे मनाया गया। इस दौरान भोपाल जिला इकाई के निर्वाचन कराए गए। जिसमें डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि डॉक्टर डे समारोह संपन्न होने के बाद भोपाल शाखा के चुनाव भी संपन्न हुए। जिसमें डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष, डॉ. परमेंद्र शर्मा सचिव तथा डॉ. मनोज तिवारी कोषाध्यक्ष चुने गए। एसोसिएशन के नवनुक्ति पदाधिकारी जल्द ही अपनी पूर्ण कार्यकारिणी का गठन करेंगे। डॉक्टर डे समारोह में पांच चिकित्सा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश मालवीय ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं डॉ. एसके सक्सेना ने वेतनमान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समारोह का समापन डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

### प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अच्छा विकल्प बना एईडीपी

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग में वर्तमान में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बीए, बी.कॉम. और बी.एससी. में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा का आकर्षक विकल्प बनकर सामने आया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामान्य स्नातक शिक्षा के साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। तीसरे वर्ष में विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाई करने के बजाय उद्योगों में अप्रेंटिसशिप का अवसर मिलता है, जहां वे वास्तविक कार्यस्थल पर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इससे वे उद्योगों की कार्यप्रणाली से परिचित हो जाते हैं।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

# नेहरू द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने का दंश भारत ने वर्षों तक सहा: डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर रविवार को स्मरण पक्ष के तहत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू-कश्मीर को विशेष सुविधाएं दीं, वह देश के लिए बहुत घातक सिद्ध हुई हैं।

पंडित नेहरू द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाने का दंश देश ने वर्षों तक सहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश के मुकुटमणि पर लगा कलंक मिटाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आर्थिक संपन्नता की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2014 के बाद देश में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश भी करवट ले रहा है, हमारे प्रदेश के शिवपुरी में रक्षा उत्पादन की बड़ी इकाई लगाई जा रही है। कई देशों की बड़ी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश किया है और कई निवेश करने की प्रक्रिया में हैं। इस वर्ष एक जनवरी से 30 जून तक मध्यप्रदेश को 86 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश के मुकुटमणि पर लगा कलंक मिटाने का कार्य किया: सीएम

**खास बातें**

- राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने डॉ. मुखर्जी के ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख कर किया नमन




### डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवादी चिंतन आज भी देश को दिशा दे रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूरदर्शी राष्ट्रनायक थे, जिन्होंने देश के भविष्य की चुनौतियों को समय रहते पहचाना और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक अस्मिता के पक्ष में निर्भीकता से आवाज बुलंद की। उनका संघर्ष भारत की अखंडता और संविधान की समानता के सिद्धांत के लिए था। डॉ. मुखर्जी का बलिदान देश की एकता और अखंडता के इतिहास में सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

### मुखर्जी का जीवन हम सभी के लिए स्मरणीय व प्रेरणादायी है : शिवप्रकाश

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूरदृष्टा थे, उनकी दूरदृष्टि के कारण आज का पश्चिम बंगाल भारत में बना रहा। आजादी के बाद पाकिस्तान तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लिए गलियारा मांगकर भारत के फिर टुकड़े करने की योजना में था। डॉ. मुखर्जी ने पाकिस्तान में हुई बातचीत में देश के अंदर से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लिए गलियारा देने से मना कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बंटे रहने के लिए मजबूर किया, यह उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है।

### डॉ. मुखर्जी के विचारों ने राष्ट्रवादी राजनीति की मजबूत नींव रखी : खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित, अनुशासित संगठन है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके संस्कार, विचार, कार्यपद्धति और समर्पित कार्यकर्ता हैं। मध्यप्रदेश के सभी 62 जिलों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उनके राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भारतीय जनसंघ की स्थापना के समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ऐसे राजनीतिक दल की कल्पना की थी, जो केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, संगठन, संस्कार और विचारधारा पर आधारित हो।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर बूथ स्तर पर होंगे कार्यक्रम

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को प्रदेश भर में बूथ स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रम कर मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल सहित पार्टी पदाधिकारी 6 जुलाई को सुबह 9 बजे लालघाटी स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बूथों पर जयंती कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण करेंगे।

## नए वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला पहला राज्य मप्र

# नव गठित वक्फ बोर्ड में 2 हिंदू सदस्य भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत मप्र में नए वक्फ बोर्ड का गठन किया है। इस संबंध में मप्र राजपत्र में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल होंगे।

वक्फ बोर्ड में कुल 10 सदस्य बनाए गए हैं, जिनमें 2 हिन्दू सदस्य मनोज मालपानी और अनिमेश भार्गव को भी शामिल किया गया है। नए अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य शासन ने वक्फ अधिनियम-1995 (संशोधित-2025) की धारा-13 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा-14 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वक्फ बोर्ड का गठन किया है। नए वक्फ बोर्ड में नजमा हेपतुल्ला नई दिल्ली, आतिफ अकील विधायक भोपाल (उत्तर), फैजान खान उज्जैन, बहन फातेमा चौधरी इंदौर, शाइस्ता सुल्तान पार्षद बैरसिया भोपाल, शबाना खान पार्षद रतलाम, मनोज मालपानी इंदौर, अनिमेश भार्गव राघौगढ़ गुना और आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण को सदस्य बनाया गया है। नजमा हेपतुल्ला, वक्फ अधिनियम, 1995 (यथा संशोधित, 2013) की धारा 14 के अंतर्गत 19.04.2023 की अधिसूचना द्वारा निर्वाचित श्रेणी से नियुक्त सदस्य हैं। इनका कार्यकाल 18.04.2028 तक प्रभावी है अतः इनका नाम नवीन अधिसूचना में शेष कार्यकाल के लिए सम्मिलित किया गया है।

## मानसून सत्र में जनता के मुद्दे उठाएगी कांग्रेस, सुझाव देने वाट्सएप नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। इस सत्र में कांग्रेस प्रदेश की जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है।

इसी उद्देश्य से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आम नागरिकों से सुझाव और शिकायतें सीधे आमंत्रित करने की पहल की है। इसके लिए वाट्सएप नंबर और ईमेल जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कांग्रेस विधानसभा में किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों, आदिवासियों, दलितों और समाज के सभी वर्गों से जुड़े जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी तथा सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जनता की समस्याओं को सीधे विधानसभा तक पहुंचाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र की समस्याएं बता सकता है।

## महापौर मालती राय ने किया नारी शक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने रविवार को होटल विद्याश्री में आयोजित नारी शक्ति सम्मान-2026 (सीजन-3) कार्यक्रम में शामिल होकर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने सम्मानित महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम है। आज महिलाएं शिक्षा, व्यवसाय, सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

## वल्लभ भवन में डेढ़ दशक बाद पदोन्नति

# 461 कर्मचारियों को मिला प्रमोशन नई भर्तियों का मार्ग भी प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के सचिवालय वल्लभ भवन में करीब डेढ़ दशक बाद लिपिकीय कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने से कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी अच्छी खबर आई है। सरकार ने सहायक ग्रेड-2 और सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारियों की पदोन्नति सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही निचले स्तर के बड़ी संख्या में पद रिक्त होने से नई भर्ती का रास्ता भी साफ हो गया है।

जारी आदेश के अनुसार 301 सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-2 तथा 160 सहायक ग्रेड-2 कर्मचारियों को सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है। यानी कुल 461 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। इन पदोन्नतियों के बाद बड़ी संख्या में रिक्त हुए पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सचिवालय में सहायक ग्रेड-3 के 600 से अधिक स्वीकृत पद हैं। वर्षों से पदोन्नति नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए या निधन हो गया, जिससे पद रिक्त हैं। अब पदोन्नति के बाद रिक्त पदों का विवरण मांगा जा रहा है। मप्र कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमेश चंद्र शर्मा ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।

## एलआईसी में नाईट शिफ्ट की ड्यूटी करता था युवक

# एलआईसी ऑफिस में फांसी पर लटका मिला सुरक्षा कर्मी, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला कलेक्ट्रेट के पास स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के ऑफिस के अंदर सोमवार सुबह एक सुरक्षा कर्मी की फांसी के फंदे से लटकी लाश मिली। मृतक की पहचान 25 वर्षीय विनोद सोनवानी के रूप में हुई है। वह आरा मशीन का निवासी था और एलआईसी ऑफिस में नाइट शिफ्ट की ड्यूटी करता था। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, विनोद सोनवानी रविवार को घर से लौटा था और रात में ड्यूटी पर चला गया था। परिजनों ने रात में उसे फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इससे परिवार को अनहोनी की आशंका हुई। सुबह लगभग 5 बजे पिता राजेन्द्र सोनवानी बेटे को देखने सीधे एलआईसी ऑफिस पहुंचे। काफी देर तक आवाज देने और फोन करने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने एलआईसी ऑफिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना दी।

### दफ्तर के कर्मचारियों ने दी पुलिस को सूचना

ऑफिस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो विनोद कार्यालय के अंदर फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। यह देखकर सभी



के होश उड़ गए। तुरंत इसकी सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आस्था शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों और एलआईसी कर्मचारियों के बयान ले रही है।

## पीड़िता को धोखे में रखते हुए दूसरी युवती से किया विवाद

# शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में एक युवती को शादी का झांसा देकर कई साल तक शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पंकज गुप्ता से उसकी पहचान 2018 में हुई थी, जब वह नाबालिग थी। आरोपी ने प्यार का इजहार करते हुए शादी का झूठा आश्वासन दिया। 20 जून 2018 को उसने पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। शादी का झांसा देकर वह लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। वर्ष 2019 में आरोपी ने दूसरी युवती से विवाह कर लिया। इसके बावजूद वह पीड़िता पर दबाव बनाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। विरोध करने पर आरोपी आत्महत्या करने या झूठे मामले में फंसाने की धमकी देता था। पीड़िता पढ़ाई के लिए रायगढ़ और अंबिकापुर गई, पर आरोपी ने वहां भी उसका पीछा किया। आरोपी ने उसे अपनी पत्नी के छोड़कर जाने और उससे विवाह करने का झूठा आश्वासन दिया।

### कई सालों तक किया पीड़िता का शोषण

इस झूठे विश्वास में रखकर आरोपी ने कई साल तक उसका शोषण किया। बाद में शादी से इन्कार करने पर पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत के बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की।



पुलिस ने 30 वर्षीय आरोपी पंकज गुप्ता को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा 64(2)(उ) भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी ने पीड़िता को लगातार धमकियां दीं। वह उसे आत्महत्या करने या झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर डराता था। पीड़िता के शहर बदलने के बावजूद आरोपी उसका पीछा करता रहा। वह उसके किराये के मकान तक पहुंच जाता था।

## ग्राहकों के लोन की रकम में धोखाधड़ी, आरोपी पकड़ाए

**दुर्ग।** धमधा थाना क्षेत्र में सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक से जुड़ी सेव फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की शाखा में वित्तीय अनियमितता सामने आई है। पुलिस ने 267 महिला ग्राहकों के लोन की रकम में धोखाधड़ी के आरोप में दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इन कर्मचारियों पर 1 करोड़ 11 लाख



93 हजार 173 रुपये कंपनी के खाते में जमा न करने का आरोप है। कंपनी के स्टेट हेड ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि सेव फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड का सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ कॉन्ट्रैक्ट है। यह कंपनी बैंक की ओर से महिलाओं को लोन देती है और किस्तों की वसूली करती है। मई 2026 में धमधा शाखा के ऑडिट में अनियमितता का खुलासा हुआ।

## सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने पर सहकारी सप्ताह समारोह आयोजित

# मप्र बनेगा देश में महिलाओं की सोसाइटी बनाने वाला अग्रणी राज्य : मंत्री सारंग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि मप्र देश में महिलाओं की सोसाइटी बनाकर अग्रणी राज्य बनेगा। इस नवाचार की शुरूआत अगले माह से की जाएगी। सारंग रविवार को अपेक्स बैंक में आयोजित 'सहकारी सप्ताह' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल्द ही बीज के मामले में भी लीड करेगा। इसके पहले कम्प्यूटराइजेशन के साथ पिछले साल ऑनलाइन ऑडिट में भी मध्यप्रदेश का सहकारिता विभाग आगे रहा। यही नहीं मध्यप्रदेश ऑनलाइन केसीसी देने वाला पहला राज्य भी बना है। सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारी सप्ताह समारोह में मंत्री सारंग ने कहा कि सहकारिता में अधिकारी-कर्मचारी समाज के उन्नयन के लिए योगदान दे रहे हैं। साथ ही अलग-अलग आयामों पर काम किया जा रहा है।

**उत्कृष्ट कार्य पर संस्थाओं एवं व्यक्तियों को किया पुरस्कृत**



### राष्ट्र के उन्नयन में राज्य का समावेश जरूरी

मंत्री सारंग ने कहा कि राष्ट्र के उन्नयन में राज्य का समावेश होना जरूरी है। किसान, जवान, विज्ञान और अनुसंधान के जरिए सहकारिता आंदोलन को नई दिशा दी जा रही है। कॉर्पोरेट और को-ऑपरेटिव को जोड़कर नई अवधारणा बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी का ठीक ढंग से निर्वहन किया।

### सप्ताह के दौरान जिलों में भी हुए उत्साहवर्धक कार्य: यादव

अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि सहकारिता सप्ताह के दौरान जिलों में भी उत्साह के साथ कार्यक्रम हुए। इस दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण भी किया गया। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। अमानत संग्रहण लक्ष्य के विरुद्ध पूर्ति में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विदिशा को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दतिया को 15 हजार रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दतिया को 11 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। अपेक्स सदस्यता महाभियान में सर्वप्रथम लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक झाबुआ को सम्मानित किया गया।

# सड़क पर कब्जा, पार्किंग के नाम पर वसूली... आखिर किसका संरक्षण?

## सिविक सेंटर की सड़क बनी पेड पार्किंग, रोज जाम में फंस रही जनता
## निगम और यातायात विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र सिविक सेंटर में स्थित समदड़िया मॉल के बाहर पार्किंग व्यवस्था अब आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सार्वजनिक सड़क और ग्रीनरी तक का उपयोग पेड पार्किंग के रूप में किया जा रहा है। नतीजा यह है कि हर शाम सिविक सेंटर की सड़कें वाहनों से पट जाती हैं और लंबा जाम लगना आम बात हो गई है।

जानकारी के अनुसार मॉल द्वारा अपने सामने की जगह को ग्रीनरी के रूप मै दर्शाया गया है और उसमें पेड़ भी लगाए हैं इसके बाद भी जिस सड़क पर आम नागरिकों का अधिकार है, वहां मॉल प्रबंधन द्वारा वाहनों की पार्किंग कर शुल्क कैसे वसूला जा रहा है?




### पूरी पार्किंग ग्रीनरी और सड़क पर

स्थानीय लोगों का कहना है कि मॉल आने वाले वाहनों को सड़क किनारे और ग्रीनरी के पास खड़ा कराया जाता है। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात बाधित होता है। रोजाना हजारों लोग जाम में फंसते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं देती।

### ये हैं नियम

नियमों के अनुसार ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक मार्ग का व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद यदि वहां पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है तो यह केवल नियमों का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

### आम आदमी पर कार्रवाई रसूखदारों पर मेहरबान

शहर में आम नागरिक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर दें तो चालान और क्रेन की कार्रवाई तुरंत हो जाती है, लेकिन बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मामले में जिम्मेदार विभागों की खामोशी चर्चा का विषय बनी हुई है। सवाल उठ रहा है कि क्या प्रभावशाली लोगों के सामने प्रशासन बेबस हो गया है या फिर सब कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में ही चल रहा है?

### फैक्ट फ़ाइल

- सड़क पर पेड पार्किंग की अनुमति किसने दी?
- मॉल की ग्रीनरी में पार्किंग कैसे संचालित हो रही है?
- नगर निगम और यातायात विभाग कार्रवाई से क्यों बच रहे हैं?
- रोज लगने वाले जाम की जिम्मेदारी कौन लेगा?
- क्या रसूख के आगे नियम-कानून बौने पड़ गए हैं?

### कार्यवाही की जाएगी

मै इसको दिखवाता हूं, क्योंकि इस प्रकार की चीज नहीं होना चाहिए अगर है, तो ये गलत है, संबधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**रामप्रकाश अहिरवार**
निगमायुक्त जबलपुर

नई यूनिफार्म लागू करने से भड़की होम साइंस कॉलेज की छात्राएं

# छात्राओं ने शास्त्री ब्रिज चौराहे पर किया चक्काजाम

**जबलपुर।** होम साइंस कॉलेज की सैकड़ों छात्राओं ने विगत दिनों नई यूनिफॉर्म अनिवार्य किए जाने के विरोध में जहां प्रदर्शन कर कालेज प्रबंधन को उक्त आदेश वापस लेने की मांग की थी वहीं सोमवार 6 जुलाई को इसी मांग को लेकर बडी संख्या में वे सड़क पर उतर आईं। इस दौरान छात्राओं ने कॉलेज से निकलकर शहर के व्यस्त शास्त्री ब्रिज चौराहे पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण चारों ओर का यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस, कॉलेज प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्राओं को समझाने का प्रयास किया।



प्रदर्शन कर रही छात्राओं का कहना था कि उनकी वर्तमान यूनिफॉर्म पूरी तरह ठीक है और उसे बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है। उनका आरोप था कि कॉलेज प्रबंधन ने नए शैक्षणिक सत्र से नई यूनिफॉर्म खरीदना अनिवार्य कर दिया है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस सरकारी कॉलेज में बड़ी संख्या में ऐसे परिवारों की छात्राएं पढ़ती हैं, जिनके अभिभावक मजदूरी या निजी नौकरी करते हैं। ऐसे में फीस के साथ हर वर्ष नई यूनिफॉर्म खरीदना उनके लिए मुश्किल है। छात्राओं ने बताया कि प्रथम वर्ष में प्रवेश के समय कॉलेज प्रबंधन के निर्देश पर उन्होंने दो जोड़ी यूनिफॉर्म खरीदी थी। अब दूसरे वर्ष में प्रवेश के साथ फिर नई यूनिफॉर्म खरीदने का निर्देश दिया गया है। उनका कहना था कि जब पुरानी यूनिफॉर्म उपयोग योग्य है, तो उसे बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक कॉलेज प्रबंधन अपना निर्णय वापस नहीं लेता, वे नई यूनिफॉर्म नहीं खरीदेंगी। चक्काजाम के चलते शास्त्री ब्रिज चौराहे पर लंबा जाम लग गया और यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

जबलपुर की पीएमएलए कोर्ट ने जारी किया नोटिस

# एनसीएल के पूर्व सीएमडी भोला सिंह पर ईडी की चार्जशीट प्रस्तुत

**जबलपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल जोनल कार्यालय ने नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के तत्कालीन चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) भोला सिंह के विरुद्ध धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जबलपुर स्थित विशेष पीएमएलए न्यायालय में अभियोजन परिवाद (प्रोसिक्यूशन कंप्लेंट) प्रस्तुत किया है। मामले पर संज्ञान लेते हुए विशेष न्यायालय ने आरोपी को नोटिस जारी किया है।

ईडी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा, नई दिल्ली द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर शुरू हुई थी। आरोप है कि भोला सिंह ने एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 के बीच एनसीएल के सीएमडी रहते हुए अपनी ज्ञात आय से अधिक




संपत्ति अर्जित की। ईडी के अनुसार जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपराध से अर्जित धन को नकदी, सोने के आभूषण तथा तीसरे पक्ष के माध्यम से बैंकिंग चैनलों से धन स्थानांतरित कर अचल संपत्ति खरीदने में उपयोग किया। जांच में यह भी पाया गया कि तीसरे पक्ष से प्राप्त 50 लाख रुपये सहित अन्य धनराशि से रांची के सेल सिटी स्थित एक फ्लैट की खरीद की गई, जिससे कथित अवैध आय को वैध संपत्ति के रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया। ईडी ने जांच के दौरान अपराध से अर्जित कुल 2.79 करोड़ रुपये की संपत्ति चिह्नित की है। इससे पूर्व एजेंसी ने पीएमएलए के तहत 2.79 करोड़ रुपये मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क भी किया था। इनमें बैंक लाकरों से बरामद सोने के आभूषण व रांची स्थित आवासीय फ्लैट शामिल हैं।

तिलवारा थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश में वारदात, इनोवा कार और चाकू जब्त, दो आरोपियों पर 31 से अधिक आपराधिक मामले

# चाकू से हमला कर छोटू चौबे गैंग के सक्रिय सदस्य का अपहरण, तीन बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

पुरानी रंजिश को लेकर तिलवारा पुल पर स्कूटी सवार दो युवकों का रास्ता रोककर चाकू से हमला करने और एक युवक को जबरन कार में बैठाकर रांझी-खमरिया क्षेत्र तक ले जाकर बेरहमी से पीटने के मामले में तिलवारा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और इनोवा कार क्रमांक एमपी 20 जेडई 9799 जब्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सूत्रों के मुताबिक प्राप्त जानकारी के अनुसार नया मोहल्ला ओमती निवासी छोटू चौबे गैंग का सक्रिय सदस्य मोहम्मद कामरन अली (24) अपने साथी राहुल शर्मा के साथ 2 जुलाई की रात सिविक सेंटर से खाना खाने शेरे पंजाब ढाबा तिलवारा गया था। रात करीब ढाई बजे दोनों स्कूटी से लौट रहे थे। तिलवारा पुल पर पीछे से आई दो कारों ने उनकी स्कूटी के सामने वाहन अड़ाकर रास्ता रोक लिया। कार से उतरे अमन कोल, चंद्रभान वर्मा उर्फ बहत्तर सिंह, निक्की और अन्य साथियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।



### कान, पेट और पीठ में चाकू घोंपा

आरोप है कि अमन कोल ने राहुल शर्मा के कान के पास चाकू से हमला किया। बीच-बचाव करने पहुंचे कामरन पर भी चाकू से हमला किया गया। वह घूम गया, जिससे चाकू उसके पेट और पीठ में लगा। राहुल के वहां से भागने के बाद आरोपी कामरन को जबरन कार में बैठाकर रांझी-खमरिया की ओर ले गए। कार के भीतर हाथ-मुक्कों, डंडे और चाकू से उसके चेहरे, पीठ, कमर और पैरों में चोट पहुंचाई गई। बाद में उसे रांझी अस्पताल के पास छोड़ दिया गया। घायल को पहले रांझी अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमन कोल (21), विशाल ठाकुर (20) और चंद्रभान वर्मा उर्फ बहत्तर सिंह (29) को दबोच लिया।

### आपराधिक रिकॉर्ड वाले आरोपी

पुलिस के अनुसार, चंद्रभान उर्फ बहत्तर सिंह के खिलाफ मारपीट, हत्या का प्रयास, आयुध अधिनियम और आबकारी एक्ट सहित 15 अपराध दर्ज हैं। वहीं अमन कोल के खिलाफ हत्या का प्रयास, आयुध अधिनियम, मारपीट, आबकारी एक्ट, विस्फोटक अधिनियम और अवैध वसूली समेत 16 मामले दर्ज बताए गए हैं।

### इनकी रही सराहनीय कार्रवाई

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश, मार्गदर्शन में टीआई तिलवारा बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी में एसआई अभिषेक कैथवास, एसआई स्वाति शर्मा, प्रधान आरक्षक जयशंकर चौहान, पृथ्वीराज, आरक्षक राहुल सनोडिया और राजेश गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

जलस्तर कम होने से शिकारियों ने जमकर किया शिकार

# बरगी जलाशय सूखा तो कीचड़ में मरी हजारों मछलियां

**जबलपुर।** इस साल मानसून के धीमी गति से सक्रिय होने और बरगी बांध के जल भराव क्षेत्र में बारिश नहीं होने की स्थिति से बरगी जलाशय में जलस्तर लगातार घटने से हजारों मछलियां या तो कीचड़ में दबकर मर गईं या फिर उथले पानी में फंसने के कारण शिकारियों का आसान शिकार बन गईं। जलाशय का बड़ा हिस्सा पूरी तरह सूख जाने से जगह-जगह कीचड़ और पथरीली जमीन नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम पानी का फायदा उठाकर कई दिनों तक दिन-रात जाल डालकर मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार किया गया। गत सुबह सामने आई तस्वीरों में बरगी जलाशय किसी विशाल जलाशय के बजाय एक बड़े तालाब जैसा दिखाई दिया। किनारों से पानी काफी पीछे हट चुका है और दूर-दूर तक सूखी जमीन, पत्थर और कीचड़ नजर आ रहे हैं। केवल गहरे हिस्सों में ही पानी बचा है, जबकि अधिकांश क्षेत्र सूख चुका है।बरगी क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि जलस्तर घटने से बड़ी संख्या में मछलियां कीचड़ में फंस गईं। कई मछलियां ऑक्सीजन की कमी और पानी के अभाव में मर गईं, जबकि उथले पानी में बची मछलियां आसानी से जाल में फंसती रहीं। उनका दावा है कि इस दौरान बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मछलियों का शिकार भी हुआ। हालांकि अब मंडला और डिंडौरी की ओर से जलाशय में पानी की आवक शुरू हो गई है। यदि यह सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में जलस्तर बढ़ सकता है और जलाशय की स्थिति में सुधार आने की उम्मीद है। फिलहाल कई स्थानों पर पानी की गहराई आधा मीटर या उससे भी कम बनी हुई है।

**सूखे जलाशय को देखने उमड़ रही भीड़-** जलाशय का बड़ा हिस्सा सूखने के बाद इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ पहुंच रही है। कई लोग सुरक्षा की परवाह किए बिना जलाशय के भीतर तक उतर रहे हैं।

कटनी रिश्वत प्रकरण ने उठाए बड़े सवाल—क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई गिरफ्तारी तक ही सीमित है?

लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद चार साल तक क्यों ठहरी न्याय की रफ्तार?

# ट्रैप के बाद फाइलों का ट्रैप!

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की तस्वीर अक्सर एक जैसी होती है—लोकायुक्त की टीम पहुंचती है, रिश्वत लेते हुए अधिकारी पकड़ा जाता है, एफआईआर दर्ज होती है, कैमरों के सामने नोट गिने जाते हैं और अगले दिन सुर्खियां बनती हैं कि भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई हुई।लेकिन इसके बाद क्या होता है? यही सवाल कटनी के चर्चित रिश्वत प्रकरण ने पूरे सिस्टम के सामने खड़ा कर दिया है।

### ये है मामला

मई 2022 में नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक संजय सिंह और एक अन्य कर्मचारी को 60 हजार रूपये की रिश्वत प्रकरण में लोकायुक्त ने गिरफ्तार किया। मामला दर्ज हुआ, लेकिन चार वर्ष बाद भी अभियोजन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अब जबकि संबंधित अधिकारी की जुलाई 2026 में प्रस्तावित सेवानिवृत्ति की चर्चा है, पूरा मामला फिर सुर्खियों में है।

### चार साल... और फाइल वहीं की वहीं

सूत्रों के अनुसार अभियोजन स्वीकृति के लिए फाइल हाल ही में भोपाल भेजी गई है। यदि ऐसा है तो सवाल यह है कि चार वर्षों तक यह फाइल किस स्तर पर लंबित रही? इस दौरान निगम में कई प्रशासनिक बदलाव हुए। नए प्रबंध निदेशक (एमडी) ने भी पदभार संभाला, लेकिन लंबित प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका।

### सवालों में पूरा सिस्टम

- चार वर्ष तक अभियोजन स्वीकृति लंबित क्यों रही?
- क्या फाइल समय पर भोपाल भेजी गई थी?
- यदि नहीं, तो जिम्मेदार कौन?
- विभागीय कार्रवाई समय पर क्यों नहीं हुई?
- क्या देरी के लिए किसी अधिकारी की जवाबदेही तय होगी?
- क्या ऐसे मामलों की समय-सीमा तय होनी चाहिए?

### ट्रैप के बाद क्या होना चाहिए?

- भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई केवल ट्रैप तक सीमित नहीं होती।

आदर्श प्रक्रिया में—

- एफआईआर दर्ज हो।
- जांच समयबद्ध पूरी हो।
- अभियोजन स्वीकृति में अनावश्यक देरी न हो।
- चालान शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत हो।
- विभागीय कार्रवाई नियमों के अनुसार आगे बढ़े।

### जनता का भरोसा क्यों टूटता है?

- भ्रष्टाचार की शिकायत करना आसान नहीं होता।
- शिकायतकर्ता अपनी पहचान, सुरक्षा और भविष्य की चिंता के बावजूद आगे आता है।
- लेकिन जब वर्षों तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता, तो अगली बार कोई भी शिकायत करने से पहले यही सोचता है। क्या शिकायत करने से सच में कुछ होगा? यहीं से व्यवस्था पर जनता का भरोसा कमजोर होने लगता है।

### टाइमलाइन

मई 2022
- लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई, एफआईआर दर्ज।

2022–2025
- अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया लंबित रहने की चर्चा।

2026
- लगातार उठते सवालों के बीच फाइल भोपाल भेजे जाने की जानकारी।

जुलाई 2026
- संबंधित अधिकारी की प्रस्तावित सेवानिवृत्ति।

### ऐसे में भ्रष्टाचारियों में डर समाप्त होगा

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल रिश्वत लेते हुए किसी अधिकारी को पकड़ लेने से पूरी नहीं होती। उसकी असली सफलता तब होती है जब जांच समय पर पूरी हो, अभियोजन आगे बढ़े और न्यायिक प्रक्रिया तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचे। यदि रंगे हाथों पकड़े गए मामलों में भी फाइलें वर्षों तक विभागों और दफ्तरों में घूमती रहें, तो कार्रवाई का डर धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। इससे केवल एक मामला प्रभावित नहीं होता, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर असर पड़ता है।



# कम वर्षा पर रखें नजर, स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश वैक्सीन रहे पर्याप्त: कलेक्टर

## समय-सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि अधिकारियों को फसलों पर पड़ रहे प्रभाव का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में उन्होंने वर्षाकाल के दौरान सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश रोधी वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नीता राठौर एवं रविशंकर राय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए किसानों को आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित जलभराव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान के कर्मचारियों को सर्पदंश वैक्सीन की उपलब्धता की जानकारी हो, ताकि आपात स्थिति में मरीज को तत्काल उपचार मिल सके।




### शिकायतों के त्वरित निराकरण और योजनाओं में तेजी के निर्देश

कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों, शासकीय स्कूलों में प्रवेश और पाठ्यपुस्तकों के वितरण की समीक्षा करते हुए लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत ऋण स्वीकृति एवं वितरण में तेजी लाने को कहा। बैठक में सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में 21 जून को गैरिसन ग्राउंड में राष्ट्रपति की उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जिनके नाम पर कार्यादेश जारी वहीं ठेकेदार करेंगे काम

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने बिजली लाइनों और सबस्टेशनों के रखरखाव कार्यों में अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब केवल वही ठेकेदार कार्यस्थल पर काम कर सकेंगे, जिनके नाम पर कंपनी ने कार्य आदेश जारी किया है। कंपनी को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कई अधिकृत ठेकेदार अनुबंध लेने के बाद कार्य किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी से करा रहे थे। इसे देखते हुए प्रबंधन ने इसे नियमों के विरुद्ध मानते हुए सख्त कदम उठाया है।

**पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने लागू की नई व्यवस्था**

कंपनी ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यस्थल पर अधिकृत ठेकेदार की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। इससे कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ जवाबदेही भी तय हो सकेगी। कंपनी का कहना है कि इस व्यवस्था से सुरक्षा मानकों का बेहतर पालन होगा और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी।

**उल्लंघन पर ठेकेदार और अधिकारी दोनों जिम्मेदार**कंपनी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में कार्य को दूसरे व्यक्ति या एजेंसी को सौंपना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मैदानी अधिकारी नियमित और औचक निरीक्षण करेंगे। यदि किसी स्थल पर अधिकृत ठेकेदार के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति कार्य करता मिला तो संबंधित ठेकेदार का पंजीयन निरस्त करने, सुरक्षा राशि जब्त करने तथा भविष्य की निविदाओं से ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, यदि संबंधित क्षेत्र का अधिकारी ऐसी अनियमितता रोकने में विफल रहता है तो उसके खिलाफ भी जवाबदेही तय कर कार्रवाई होगी। कंपनी द्वारा 6 जुलाई 2026 को जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से पूरे कार्यक्षेत्र में लागू कर दिया गया है।

## पाठक सर्व शिक्षा अभियान के सदस्य नियुक्त

**सिहोरा।** राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार प्रभारी मंत्री जबलपुर जगदीश देवड़ा के अनुमोदन तथा संतोष बरकडे विधायक, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिलाध्यक्ष राज कुमार पटेल की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा राकेश पाठक को सर्व शिक्षा अभियान की जिला स्तरीय अनुदान समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे, साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक, नंद कुमार परोहा, प्रकाश पांडे, अनुपम सराफ, राजेश दाहिया, नीलू बाजपेई, अंकित तिवारी, नीरज पांडे सतीश पटेल, प्रहलाद नायक, कृष्ण गोपाल पाठक, गंगा राम गुप्ता, राज किशोर तिवारी, अरविंद तिवारी, हरिशंकर गौतम, विनोद गुप्ता, प्रदीप राय, राजू भैया पटवा, उमेश मिश्र, मनोज श्रीवास्तव, चेतराम विश्वकर्मा, राम कुमार सेन, राज कुमार पटेल, मुरारी लाल रजक आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



# उम्मीद पर खरे नहीं उतर रहे बादल

## फिलहाल तेज बारिश की गुंजाइश नहीं

**जबलपुर।** जबलपुर में बारिश का सिस्टम पूरी तरह से बन नहीं पा रहा है। झमाझम बारिश के लिये शहर अभी भी इंतजार कर रहा है। बादलों के छाने से उम्मीदें बंधतीं हैं पर बादल उम्मीद पर खरे नहीं उतरते। सोमवार को बीच-बीच में धूप निकलकर बादलों को चुनौती देती रही। लो-प्रेशर का सिस्टम नहीं बन पाने से बारिश का जोरदार आगाज नहीं हो पा रहा है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मानसूनी बादलों का सिस्टम रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा हैं। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक करीब 13 इंच बारिश हो चुकी थी। लेकिन इस साल 4 इंच ही बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 83 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.31 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 6.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा महज 144.09 मिमी (लगभग 6 इंच )दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन 13.8 मिमी वर्षा हुई थी। जबकि कुल वर्षा 362.4 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## डॉ. आम्बेडकर ने मानव समाज को दी ज्ञान की गंगा

जबलपुर। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जनसेवा मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा 05 जुलाई को दमोहनाका बस स्टैंड के पास महिला प्रकोष्ठ की सदस्य मीना चौधरी के निवास पर संपन्न हुई। इस अवसर पर सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने कहा कि डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर ने ज्ञान की गंगा बहाकर महिलाओं को शिक्षा का मार्ग दिखाया, जिसका परिणाम है कि आज महिलाएं देश में शिक्षा ग्रहण कर प्रधानमंत्री एवं कई कार्यालयों में कार्य कर रही हैं। सभा के प्रारंभ में नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सतनामी ने डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने विचार रखे। सभा में रामसिपाही सेठ, धर्मेन्द्र सतनामी, मीना चौधरी, गुड्डी बाई, रामकली, कमल चौधरी, श्यामकली बाई, विलसन, आकाश राम, लखन खरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**जबलपुर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के नेतृत्व में महाकौशल प्रांत, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एवं श्री राम कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 7 एवं 8 जुलाई को "पर्यावरण संरक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (हाइब्रिड मोड) आयोजित होगी। संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविद, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं पर्यावरण विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राकृतिक कृषि, जल संरक्षण, जैव विविधता, पंचमहाभूत और सतत विकास जैसे विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिलाष पाण्डेय (विधायक, उत्तर मध्य विधानसभा) होंगे। आयोजन समिति ने शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

# साइबर सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को किया गया जागरूक

**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को मध्य प्रदेश साइबर पुलिस द्वारा 'साइबर सिक्योर 2026' अभियान के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान साइबर विशेषज्ञों ने अधिकारियों को डिजिटल माध्यमों से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने की जानकारी दी।प्रशिक्षण में मोबाइल ऐप्स के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव के आधुनिक उपाय, 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को संदिग्ध कॉल, लिंक और डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और डिजिटल युग में सुरक्षित रहकर साइबर ठगी से बचाव का संकल्प दिलाया गया।

## 140 लीटर कच्ची शराब सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** चरगवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 140 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत लगभग 14 हजार रुपए बताई जा रही है।चरगवां थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर 21 वर्षीय अंशुल मरकाम एवं 21 वर्षीय श्रीराम बरकड़े को पकड़ा। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 2 केनों में भरी कुल 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। इसी तरह ग्राम सोमती केनाल के पास एक अन्य आरोपी 19 वर्षीय अंकित कुमार गोंड को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 केनों में भरी 70 लीटर कच्ची शराब जब्त की।

# एक घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस, सौरव मिश्रा ने बाइक से घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल, बची जान

**पनागर।** पनागर थाना क्षेत्र में शनिवार रात मानवता की मिसाल पेश करते हुए सौरव मिश्रा ने सड़क दुर्घटना में घायल युवक को अपनी बाइक से अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार गोसलपुर निवासी एक युवक रात करीब 8:30 बजे दोपहिया वाहन से घर लौट रहा था। नेशनल हाईवे पर अचानक गाय सामने आने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

घटना के बाद आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन करीब एक घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इसी दौरान वहां से गुजर रहे सौरव मिश्रा ने बिना देर किए स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को अपनी बाइक पर



बैठाकर पनागर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. नीरज मिश्रा एवं चिकित्सा टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया, जिससे कुछ ही देर में युवक को होश आ गया और उसकी स्थिति नियंत्रण में आ गई। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी पंडित अनिल दुबे भी अस्पताल पहुंचे और घायल के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

इस घटना ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सड़क दुर्घटना के समय समय पर मिली मदद किसी की जान बचा सकती है। लोगों से अपील की गई है कि दुर्घटना होने पर तमाशबीन बनने के बजाय तुरंत पुलिस, एंबुलेंस या अन्य उपलब्ध साधनों से घायल को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें।

## सड़क दुर्घटना में 2 घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत पाटन शहपुरा रोड सुरैया तिराहा के पास एक एक्सिस वाहन ने एक स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी में सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयनगर निवासी विजय कुमार शर्मा अपने दोस्त अनिल कुमार के साथ एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस डी 9571और मौसेरा भाई त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी अजय शर्मा अपने दोस्त शंकर सिंह के साथ बाईक से जबलपुर से रिश्तेदारी में ग्राम सिमरिया पाटन आया था, जहां से रात में सिमरिया से वापस आ रहे थे रात लगभग 1120 बजे पाटन शहपुरा रोड में सुरैया तिराहा के पास पहुंचे तभी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एसटी 0813 के चालक ने विजय शर्मा की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे विजय कुमार शर्मा और अनिल कुमार दोनों एक्टिवा सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, पुलिस ने आरोपी एक्सिस चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# श्वान को लगे इंजेक्शन, किया बिल्लियों का नेत्र परीक्षण

## वेटनरी कॉलेज में लगाया गया निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू) के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर सोमवार, 6 जुलाई को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश द्वारा श्वान को एंटी-रेबीज टीका लगाकर किया गया। इस अवसर पर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण, नेत्र परीक्षण, एलर्जी परीक्षण तथा गर्भ जांच शिविर आयोजित किया गया।शिविर के दौरान जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 137 श्वानों का एंटी-रेबीज टीकाकरण किया गया। इसके अतिरिक्त 6 श्वानों एवं 2 बिल्लियों का नेत्र परीक्षण, 2 श्वानों का एलर्जी परीक्षण तथा 5 मादा श्वानों की गर्भ जांच की गई। शिविर में मुख्य रूप से देशी नस्ल, जर्मन शेफर्ड, पोमेरेनियन, रिट्रीवर सहित विभिन्न नस्लों के श्वानों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रणवीर सिंह जाटव तथा सह-संयोजन डॉ. ब्रजेश सिंह द्वारा किया गया। एंटी-रेबीज टीकाकरण डॉ. देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं डॉ. अमिता तिवारी द्वारा कराया गया।कार्यक्रम में डॉ. जी. के. मिश्रा, डॉ. अभिषेक बिसेन, डॉ. बबीता दास, डॉ. अपूर्वा मिश्रा, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. अपर्णा रायकवार, डॉ. भावना गुप्ता तथा डॉ. शिल्पा गजभिए सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, चिकित्सक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए डॉ. भावना गुप्ता द्वारा "जूनोटिक बीमारियाँ एवं उनसे बचाव" विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने जूनोटिक रोगों के संक्रमण के स्रोत, उनके मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



# रंगदारी वसूलने बदमाशों ने की मारपीट

## खेत मालिक व पति-पत्नी घायल

**जबलपुर।** थाना पनागर क्षेत्र के ग्राम मझगवां में शराब पीने के लिए रुपये मांगने और मना करने पर हुई मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। घटना में खेत मालिक और खेत की रखवाली करने वाले पति पत्नी घायल हो गए, जिन पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया।पनागर पुलिस के मुताबिक तुलसीनगर रांझी निवासी 54 वर्षीय देवप्रकाश दुबे ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम मझगवां में स्थित है। गत दिवस शाम लगभग 5:45 बजे वह अपने खेत पर चारा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान खेत में रखवाली करने वाले राजू प्रजापति की दुकान पर वह बैठे हुए थे, तभी सफेद रंग की बोलेरो वाहन से आरोपी मौके पर पहुंचे।आरोप है कि पप्पू ठाकुर, रिखिराम मेहरा सहित लगभग 5 अन्य लोग खेत पर पहुंचे और दुकान से सामान लेने के बाद शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग करने लगे। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर एक राय होकर मारपीट पर उतर आए। पप्पू ठाकुर ने जमीन से पत्थर उठाकर देवप्रकाश दुबे के सिर पर हमला किया, रिखिराम मेहरा ने डंडे से वार कर घायल किया। इसके बाद अन्य आरोपियों ने भी मिलकर मारपीट की इसी दौरान जब राजू प्रजापति और उनकी पत्नी आरती बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी नहीं बख्शा गया। धर्मेन्द्र ठाकुर ने आरती के साथ लाठी से मारपीट की शिवराम नामदेव ने आरती के चेहरे और सिर पर पत्थर से हमला किया घटना के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 333, 191(2), 296(ए), 115(2), 351(2), 119(1), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सूपाताल में तैरता मिला युवक का शव, परिजनों ने दोस्तो पर जताया हत्या का संदेह

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत सूपाताल तालाब में सोमवार सुबह एक युवक का शव तैरता मिला। युवक की शिनाख्त बीटी तिराहा निवासी 32 वर्षीय अमर सिंह के रूप में हुई है। अमर सिंह रविवार रात को अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था और सुबह तालाब में उसका शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची गढ़ा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिजनों ने उसके दोस्तो पर ही उमर की हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अमर सिंह के साथ दोस्तों ने पहले मारपीट की और उसे तालाब में फेंक दिया। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। घटना की हकीकत से अवगत होने पुलिस युवक के साथ मौजूद रहे संदिग्ध दोस्तों की तलाश शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। वर्तमान में पुलिस उसके तालाब में डूबने और हत्या के एंगल से जांच कर रही है।



**श्रेया कुररिया** – सिहोरा, वार्ड नंबर 8, ब्रह्माण पुरा निवासी श्रेया कुररिया का 27 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे सुधीर कुरारिया की पुत्री एवं श्रेयांस व सृजल कुररिया की बहन थी अंतिम संस्कार आज मंगलवार को सुबह 10 बजे बाबाताल स्थित मुक्ति धाम में होगा।

**श्री श्याम मणी मिश्रा**– सिद्धबाबा छोटी खेरमाई निवासी श्री माताशरण मिश्रा के पुत्र श्री श्याम मणी मिश्रा (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री ओंकार प्रसाद सोनी**– विजय नगर निवासी श्री अरविंद सोनी के पिता श्री ओंकार प्रसाद सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा मुखोपाध्याय**– न्यू बंगाली कॉलोनी प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री अपूर्वा मुखोपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा मुखोपाध्याय (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम गुप्ता**– पटेल मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री अयोध्या प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिनेश वर्मा**– समदडिय़ा कॉलोनी कांचघर निवासी श्री दिनेश वर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शुभावती कुशवाहा**– चांदमारी लालमाटी निवासी श्री प्रभुनाथ कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती शुभावती कुशवाहा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री आरती लखेरा**– कांचघर दीपक डेयरी के पीछे निवासी श्री रघुवीर प्रसाद लखेरा की पुत्री सुश्री आरती लखेरा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बालू गुजराती**– विनोबा नगर गुजराती कॉलोनी अधारताल निवासी श्री मनीलाल गुजराती की धर्मपत्नी श्रीमती बालू गुजराती (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री विजय चंद चौधरी**– दरहाई निवासी श्री विजय चंद चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री राम सजीवन चौधरी**– ठक्कर ग्राम जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री राम सजीवन चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश रैकवार**– हनुमानताल निवासी श्री श्याम लाल रैकवार के पुत्र श्री मुकेश रैकवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू बर्मन**– पुराने ग्वारीघाट स्टेशन के सामने निवासी श्री राजू बर्मन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संपत बाई**– अम्बेडकर कॉलोनी शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री मुन्ना लाल डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती संपत बाई (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वासु स्वामी**– मनीराम का बगीचा गोराबाजार केंट निवासी श्री सुबुमणी स्वामी के पुत्र श्री वासु स्वामी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362180

## खबर संक्षेप

### लेजर पावर एंड इंफ्रा का आईपीओ नौ को खुलेगा




**नई दिल्ली।** एकीकृत बिजली केबल एवं विद्युत पारेषण उत्पाद बनाने वाली लेजर पावर एंड इंफ्रा लिमिटेड (एलपीआईएल) ने अपने 742 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 203-214 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ नौ जुलाई को खुलेगा और 13 जुलाई को बंद होगा।

### रियाद एयर ने भारत में परिचालन शुरू करने की घोषणा की



**मुंबई।** सऊदी अरब की विमानन कंपनी रियाद एयर ने भारत में अपने परिचालन शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। मुंबई और रियाद के बीच चार अगस्त से सीधी दैनिक उड़ान शुरू की जाएगी। सऊदी अरब के संप्रभु धन कोष, पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीपीएफ) समर्थित विमानन कंपनी ने बताया कि इस दैनिक उड़ान की बुकिंग छह जुलाई से शुरू होगी।

### आस्था स्पिनटेक्स चार फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** वस्त्र विनिर्माता कंपनी आस्था स्पिनटेक्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 136 रुपये के मुकाबले चार प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर कंपनी का शेयर 130 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 4.41 प्रतिशत कम है।

### रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.38 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.22 से 95.48 के दायरे में रहा।

### प्रेस्टिज एस्टेट्स ने एडवेंट में आधी हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टिज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने अपनी विस्तार योजना के तहत एडवेंट कन्वेंशन एंड होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी 504 करोड़ रुपये में खरीद ली है। एडवेंट कन्वेंशन एंड होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड (एसीएचआईएल) में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए निवेश समझौता किया है।

### जिंदल स्टेनलेस ने मेहता को सीएफओ किया नियुक्त




**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस ने कुंजल मेहता को कंपनी का मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 25 जून से प्रभावी है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, कुंजल के पास कॉरपोरेट वित्त, कोष, धन जुटाने और कारोबारी बदलाव सहित विभिन्न क्षेत्रों में गहरी विशेषज्ञता है। साथ ही बड़े एवं जटिल संगठनों में मूल्य सृजन का उनका मजबूत अनुभव भी है।

# यूजरनेम विवाद : व्हाट्सऐप को जवाब देने मिला अतिरिक्त समय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- व्हाट्सऐप का आश्वासन, सरकार से चर्चा के बाद ही भारत में लागू करेंगे

मेटा के स्वामित्व वाले त्वरित संदेश मंच व्हाट्सऐप को विवादित 'यूजरनेम' फीचर पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त समय दिया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, व्हाट्सऐप ने आश्वासन दिया है कि सरकार के साथ चर्चा पूरी नहीं होने तक इस फीचर को भारत में लागू नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि व्हाट्सऐप को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के नोटिस पर जवाब देने के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। पहले जवाब देने की अंतिम तिथि शुक्रवार निर्धारित थी।


## आईटी मंत्रालय ने मेटा को जवाब देने तीन दिन अतिरिक्त दिया

### धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हो सकती है

यूजरनेम फीचर के तहत उपयोगकर्ता फोन नंबर साझा नहीं करने के बावजूद मैसेजिंग मंच पर संवाद या चैट कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह इस प्रस्तावित फीचर को लेकर मेटा को नोटिस जारी किया था और आशंका जताई थी कि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे घोटाले और प्रतिरूपण के मामलों में वृद्धि हो सकती है।

### व्हाट्सऐप के भारत में 50 करोड़ उपयोगकर्ता

कंपनी ने यह भी कहा था कि यूजरनेम के साथ धोखाधड़ी रोकने के लिए कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था विकसित की गई है। आईटी मंत्रालय ने टेलीग्राम और सिग्नल को भी नोटिस जारी कर उनके मौजूदा यूजरनेम फीचर को लेकर सवाल उठाए हैं और धोखाधड़ी एवं प्रतिरूपण से जुड़े जोखिमों से निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी मांगी है। व्हाट्सऐप के भारत में लगभग 50 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, जबकि टेलीग्राम का दायरा इससे काफी कम है।



*सरकार ने प्रक्रिया पूरी होने तक फीचर को रोकने कहा*

*सरकार ने इस फीचर को परामर्श प्रक्रिया पूरी नहीं होने तक रोकने को भी कहा था। मेटा की एक टीम ने पिछले शुक्रवार को आईटी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। नोटिस में सरकार ने मेटा से यह स्पष्ट करने को कहा था कि ऐसे फीचर के चलते साइबर अपराध बढ़ने की आशंका को देखते हुए आईटी अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए।*

### सामग्री के प्रसार पर सख्ती बरतने का निर्देश

हाल के दिनों में मेटा और टेलीग्राम अन्य मुद्दों को लेकर भी नियामकीय जांच के दायरे में रहे हैं। सरकार ने इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े विज्ञापनों के मामले में मेटा को नोटिस जारी किया है, जबकि टेलीग्राम को पायरेटेड फिल्में और अन्य ऑडियो-विजुअल सामग्री के प्रसार पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया है।

### यूजरनेम फीचर अभी चालू नहीं: कंपनी

व्हाट्सऐप को इस संदर्भ में भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। हालांकि, कंपनी के प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि यूजरनेम फीचर अभी लागू नहीं है और इसे इस वर्ष बाद में चरणबद्ध तरीके से पेश किया जाएगा। प्रवक्ता के मुताबिक, किसी अन्य व्यक्ति का नाम, पहचान या प्रोफाइल इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करना यानी प्रतिरूपण से बचाव के लिए सार्वजनिक हस्तियों, सरकारी संस्थाओं और सत्यापित खातों से जुड़े प्रमुख नामों को सुरक्षित रखा गया है।

भारत में 8.5 लाख सहकारी संस्थाओं के 30 करोड़ से अधिक सदस्य

### सहकारी मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस पर बोले अमित

# 'भारत टैक्सी' की तर्ज पर नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी बनेगी: अमित शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ाने के लिए एक सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि 'भारत टैक्सी' की सेवाओं का विस्तार अगले दो साल में 500 शहरों तक किया जाएगा

राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारत के सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए पेशेवरों की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने पर जोर दिया। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं, जिनके 30 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

### भारत टैक्सी का विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा

मंत्री ने मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, जिनमें सहकारी तंत्र में पारदर्शिता और पेशेवर व्यवस्था लाने के प्रयास शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारी मॉडल के तहत शुरू की गई कैब सेवा से जुड़े मंच 'भारत टैक्सी' का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अगले दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा।

### इफको-टोकियो पहले से बीमा कारोबार में

सहकारिता मंत्री ने कहा, भारत टैक्सी' की तर्ज पर हम सहकारी क्षेत्र में एक जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेंगे। इससे बीमा क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं के विकास में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था इफको का संयुक्त उद्यम इफको-टोकियो पहले से ही बीमा कारोबार में है। भारत में वर्तमान में 26 जीवन बीमा कंपनियां हैं।

### 54,000 से अधिक पैक्स कार्य कर रहे

मंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने डेयरी, चीनी, उर्वरक और बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ते हुए कई नए क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है। कुल 394 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) ने खुदरा ईंधन बिक्री केंद्र के लिए आवेदन किया है, जिनमें से तीन चालू हो चुके हैं। 54,000 से अधिक पैक्स साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य कर रहे हैं।



- सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ेगा
- सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी

### भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक

'भारत टैक्सी' सहकारिता मॉडल पर आधारित चालक-केंद्रित परिवहन मंच सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की एक पहल है। वर्तमान में भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक और 35.77 लाख पंजीकृत ग्राहक जुड़े हुए हैं।

### बीज उत्पादन के लिए राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन

अगले कुछ महीनों में इसे रांची, पटना, गुवाहाटी, भोपाल, कोलकाता, इंदौर और नागपुर में भी शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि विशेष रूप से बीज उत्पादन के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अगले तीन वर्षों में देश की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी।

### सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस तैयार


*शाह ने कहा कि मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का एक 'डेटाबेस' तैयार किया है, जिससे देश में सहकारी संस्थाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि गुजरात के आणंद में क्षमता निर्माण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है, जो मानव संसाधन की समस्या से निपटेगा। मंत्री ने विश्वास जताया कि सहकारी क्षेत्र वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

### केंद्र का राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं

*केंद्रीय मंत्रालय पर राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप करने की आशंका जताए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस शासित राज्यों ने भी यह शिकायत नहीं की कि केंद्रीय मंत्रालय ने उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया है। शाह ने कहा, '' केंद्रीय मंत्रालय का उद्देश्य राज्यों के विषयों में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य नीतियां बनाना है।''*

# भारत की ऊर्जा प्रणाली पर पड़ेगा अल नीनो का सबसे ज्यादा असर : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने जारी की रिपोर्ट
- हवा और बारिश में कमी से टर्बाइन और पनबिजली का उत्पादन घटेगा

इस साल का अल नीनो का असर भारत की उर्जा प्रणाली पर दुनिया में सबसे अधिक देखने को मिलेगा। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के एक नए विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। अल नीनो मौसम का एक ऐसा चक्र है जो बार-बार आता है और जिससे दुनिया का तापमान बढ़ता है। भारत के सामने दोहरी चुनौती है-अल नीनो की वजह से हवा और बारिश में कमी आने से टर्बाइन और पनबिजली उत्पादन तो घटेगा ही, साथ ही तापमान बढ़ने से एसी की मांग भी बढ़ेगी, जिसमें बहुत ज्यादा बिजली खर्च होती है। एक साल के अंदर ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों से ज्यादा इस्तेमाल से अतिरिक्त मांग कुल मिलाकर 10 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) हो सकती है जो दिल्ली की सालाना बिजली खपत का एक चौथाई हिस्सा है। यह विश्लेषण जुलाई, 2026 से जून, 2027 तक भारत के बिजली क्षेत्र पर ला नीना से अल नीनो में होने वाले बदलाव के असर का मॉडल तैयार करता है।

### सौर ऊर्जा उत्पादन पर असर कम पड़ेगा

सौर ऊर्जा उत्पादन पर अल नीनो का असर भी बहुत कम होता है, जिसका मतलब है कि भारत द्वारा लगाया गया हर अतिरिक्त सौर पैनल और बैटरी ग्रिड को इस तरह के चरम मौसम के हालात से निपटने के लिए तैयार करने में मदद करता है।

# अधिक वजन के तौल उपकरणों के सत्यापक मानकों में ढील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सरकार ने एक टन या उससे अधिक के तौल उपकरणों पर दी छूट
- उद्योगों, गोदामों और ट्रक ऑपरेटर की कारोबारी सुगमता बढ़ने की उम्मीद

सरकार ने एक टन या उससे अधिक क्षमता वाले वजन तौल उपकरणों के सत्यापन के लिए अनुपालन मानकों में ढील दी है। इससे उद्योगों, गोदामों, ट्रक ऑपरेटर एवं धर्मकांटा संचालकों के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ने की उम्मीद है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में संशोधनों को अधिसूचित किए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, नए प्रावधानों के तहत उच्च क्षमता वाले वजन उपकरणों के सत्यापन के लिए मानक वजन की आवश्यकता को वैज्ञानिक और 'रिपीटेबलिटी टेस्ट' (दोहराव आधारित परीक्षण) के आधार पर कम किया गया है। पुराने नियमों के तहत एक टन या उससे अधिक क्षमता वाले उपकरणों के सत्यापन के दौरान अधिकतम क्षमता के कम-से-कम 50 प्रतिशत या एक टन (जो भी अधिक हो) के बराबर मानक वजन का उपयोग करना अनिवार्य था, जिसके बाद स्थिर भार का इस्तेमाल किया जाता था। धर्मकांटा संचालकों को परिवहन, लागत और संचालन से जुड़ी कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब संशोधित नियमों के तहत इस आवश्यकता को कम करते हुए अधिकतम क्षमता के 50 प्रतिशत से घटाकर केवल 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

### परिचालन में लगने वाला समय घटेगा

मंत्रालय ने कहा कि ये संशोधन कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और उपभोक्ता संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से साक्ष्य-आधारित नियामकीय सुधारों का हिस्सा हैं। इन बदलावों से बड़े पैमाने पर मानक वजन के परिवहन और प्रबंधन से जुड़ी लागत कम होगी, उच्च क्षमता वाले उपकरणों का सत्यापन तेजी से हो सकेगा और परिचालन में लगने वाला समय भी घटेगा।

# सीएम ने भोपाल में औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सतगढ़ी इलाके में एक औद्योगिक पार्क का भूमि-पूजन किया और कहा कि इसे देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक रहे मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 173 एकड़ में बनने वाला इस औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी सेंसेक्स दो माह के शीर्ष पर

- सेंसेक्स 521 और निफ्टी में 160 अंक की तेजी
- दिग्गज बैंक शेयरों में रही खरीदारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



दिग्गज बैंक शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार दो माह के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। लगातार चौथे सत्र की बढ़त के दौरान सेंसेक्स में 521 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 160 अंक चढ़ गया।

विदेशी निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 521.16 अंक की बढ़त के साथ 78,285.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 634.15 अंक चढ़कर 78,398.06 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 159.50 अंक बढ़कर 24,430.35 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 1,806.4 अंक यानी 2.36 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 564.6 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

*ब्रेंट क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल पर आया*

*वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत के नुकसान के साथ 71.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,355.33 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।*


## महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने युवोटेक प्लस 585 डीआई वी1 ट्रैक्टर बाजार में उतारी



**मुंबई।** महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने बहुउद्देशीय ट्रैक्टर युवोटेक प्लस 585 डीआई वी1 को देश भर की बाजारों में उतारने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वह सात नए ट्रैक्टर और 12 नए फीचर बाजार में उतारेगी। इनमें महिंद्रा की नयी ट्रैक्टर श्रृंखला और स्वराज प्रोटेक के उत्पाद भी शामिल होंगे। महिंद्रा ट्रैक्टर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हर्ष राय ने कहा, ''चुनिंदा बाजारों में सफल शुरुआत के बाद अब हम युवोटेक प्लस 585 डीआई वी1 को पूरे भारत में पेश कर रहे है। यह ट्रैक्टर तेजी से बढ़ते युवोटेक मंच पर आधारित है और इसमें उन्नत तकनीक के साथ मजबूत प्रदर्शन और व्यावहारिक सुविधाओं का संयोजन है। कंपनी के अनुसार, इस ट्रैक्टर के साथ छह वर्ष की वारंटी दी जाएगी और यह देशभर में महिंद्रा के डीलर नेटवर्क पर उपलब्ध होगा।

# चांदी 5000 रुपए लुढ़की सोना मामूली टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1,50,650 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया
- चांदी की चार दिन की तेजी थमी, 2,40,000 रुपए प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 150 रुपये टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी 5,000 रुपये के नुकसान में रही।

वैश्विक स्तर पर सुस्ती के रुख और मजबूत डॉलर के कारण कारोबारियों ने कीमती धातुओं में अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे सर्राफा कीमतों में गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की चार दिन की तेजी थम गई और यह शुक्रवार के 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 5,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

### मजबूत डॉलर के कारण सोने में गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने और चांदी की कीमतें क्रमशः 4,160.60 डॉलर और 62.24 डॉलर प्रति औंस तक गिर गईं। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''मजबूत डॉलर के कारण विदेशी व्यापार में सोने की कीमत गिरी है, क्योंकि व्यापारी इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना को ध्यान में रख रहे हैं।''

## वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना

# 'ओपेक प्लस' का अगस्त में अधिक तेल उत्पादन का फैसला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

- संगठन के सात देशों ने उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी का लिया निर्णय

तेल उत्पादक देशों के संगठन 'ओपेक प्लस' के कुछ सदस्य देशों ने अगस्त महीने में उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस कदम से वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना है।

'ओपेक प्लस' देशों का यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है जब ईंधन की कीमतें हाल के महीनों में घटकर पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर पर आ गई हैं। ओपेक और उसके सहयोगी देशों के समूह 'ओपेक प्लस' ने रविवार को ऐलान किया कि सात देश अगस्त में कुल मिलाकर 1.88 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाएंगे।

*मार्च में कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी*

*अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत रविवार देर रात कारोबार शुरू होने के बाद 72 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रही जबकि मार्च में यह कीमत लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी।*

***होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का 20 प्रतिशत मार्ग था***

*होर्मुज जलडमरूमध्य से अब अधिक वाणिज्यिक जहाज गुजर रहे हैं, जो पहले वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत मार्ग था। हालांकि, जहाजों की आवाजाही अब भी संघर्ष-पूर्व स्तर से नीचे है और क्षेत्र में तनाव बना हुआ है।*



***यह पांचवां महीना जब समूह ने उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई*** : *यह लगातार पांचवां महीना है जब समूह ने उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इस निर्णय में शामिल देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, कुवैत, कजाकिस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं।*

**सकारात्मक संकेतों से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई** : सदस्य देश बाजार की स्थितियों की निगरानी एवं आकलन जारी रखेंगे। उन्होंने बाजार स्थिरता बनाए रखने के प्रयासों के तहत सतर्क रुख अपनाने के महत्व को दोहराया है। पिछले एक महीने में बाजार में सकारात्मक संकेतों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है।

**दोनों देशों में नाकेबंदी समाप्त करने पर सहमति:** यह गिरावट उस अंतरिम समझौते के बाद आई जिसमें अमेरिका और ईरान ने अपने संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए। समझौते के तहत ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के निर्बाध आवागमन की अनुमति दी, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकेबंदी समाप्त करने पर सहमति जताई।

# कंपनियां कार्यबल बढ़ाने एआई को प्राथमिकता दे रही : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** कंपनियां अब बड़े पैमाने पर भर्ती करने के बजाय योग्य और विशेष कौशल वाले कर्मचारियों के साथ ही कृत्रिम मेधा (एआई) की समझ रखने और विशेष विशेषज्ञता को प्राथमिकता दे रही है। अपग्रेट की कर्मचारियों की भर्ती के बारे में सूचना देने वाली इकाई अपग्रेड रिक्रूट की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। 'भारत में कार्य : वित्त वर्ष 2026-27 भर्ती रुझान' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट के अनुसार, देश का नियुक्ति बाजार नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां कंपनियां संख्या के बजाय गुणवत्ता आधारित भर्तियों पर अधिक ध्यान दे रही हैं।

## चिंतन

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।



आर्थिकी
डॉ जयंतीलाल भंडारी

# अब रफ्तार से बढ़ेगा टेक्सटाइल सेक्टर

**भारत का टेक्सटाइल सेक्टर नए विकास दौर की दहलीज पर खड़ा है। 15 जुलाई से लागू होने वाला भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता इस उद्योग के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है, क्योंकि ब्रिटेन ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर 12% तक का आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। इससे भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। दूसरी ओर, सरकार की एफटीए नीति, कपास आयात पर सीमा शुल्क में राहत, पीएम मित्र पार्क, नए श्रम कानून, बजट प्रावधान और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने जैसे कदम उद्योग की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, इस तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।**

हाल ही में 5 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच 15 जुलाई से लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के नियम जारी किए गए हैं। इससे भारत का टेक्सटाइल सेक्टर रफ्तार से बढ़ेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के कई कारण हैं। निश्चित रुप से भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा गेम-चेंजर होगा। 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर लगने वाले 12 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।इससे भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स ब्रिटिश बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इस मुक्त व्यापार समझौते के लाभ और निर्यातकों द्वारा समय पर की गई तैयारी के कारण, यूके और यूरोपीय बाजारों से भारतीय कपड़ों की मांग में 12 से 25 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि दर्ज संभावित है। वैश्विक ब्रांड चीन से अपनी सप्लाई चेन को शिफ्ट कर रहे हैं, जिससे भारत को एक बड़ा अवसर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय सरकार देश के 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले और करीब 174 अरब डॉलर के बाजार आकार के टेक्सटाइल्स सेक्टर को मजबूती देने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार ने एक जून से पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित हो रहे टेक्सटाइल सेक्टर को राहत देने और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए पांच माह के लिए कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ कर दिया है। सरकार लगातार मुक्त व्यापार समझौतों( एफटीए) में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानूनों से टेक्सटाइल सेक्टर को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए पीएम मित्र पार्क मील का पत्थर हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रावधानों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है। साथ ही पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर में सुधार के लिए उठाए गए बहुआयामी कदम टेक्सटाइल सेक्टर को लाभान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की रेटिंग बढ़ाई है। इनवेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर का आउटलुक 'नेगेटिव' से बढ़ाकर 'स्टेबल' कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक जून से भारत और ओमान के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) लागू हुआ है। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के टेक्सटाइल सहित 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह से शून्य कर दिया है। इसी तरह एफटीए वाले अन्य देशों में ज़ीरो या लगभग ज़ीरो ड्यूटी एक्सेस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए से टेक्सटाइल निर्यात में भारी उछाल आया है। साथ ही आगामी महीनों में न्यूजीलैंड तथा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के



क्रियान्वयन से इन देशों को भारत से तेजी से टेक्सटाइल निर्यात बढ़ेगा। खासतौर से यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल शुरू होने के दो-तीन वर्षों में ही यूरोपीय संघ को भारत से करीब 20 अरब डालर तक का टेक्सटाइल निर्यात बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, इन दिनों अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उसके तहत भारत को अमेरिका में धागे और कपास से बने कपड़ों पर भारी शुल्क छूट हासिल होगी और टेक्सटाइल निर्यात ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देने के मद्देनजर पिछले माह 9 मई से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क स्थापित करने के लिए जो पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है, उसके तहत काम प्रगति पर है और उससे देश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाई मिलेगी। पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन-फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्म-निर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से तेजी से क्रियान्वित हो रहे केंद्रीय बजट के तहत टेक्सटाइल सेक्टर के लिए जिस तरह अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बजट में 'टेक्स-इको' पहल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बजट में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने के लिए 'सामर्थ्य -2' का अनावरण किया गया है। बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल भी महत्वपूर्ण है। यह पहल खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए, एक जिला एक उत्पाद को भी समर्थन देती है। निसंदेह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐसे अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों से भारत का टेक्सटाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। लेकिन टेक्सटाइल सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाओं के बीच हमें इस बात पर ध्यान रखना होगा कि विगत वर्षों में टेक्सटाइल सेक्टर पर अनिश्चितताओं और बदलावों का दबाव रहा है और अभी भी वर्ष 2026 में टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते मौकों के बावजूद बड़ी चुनौतियाँ सामने खड़ी हुई हैं। जिसमें लगातार लॉजिस्टिक्स पर असर डालने वाली जियोपॉलिटिकल रुकावटें, बढ़ती इनपुट और कम्प्लायंस लागत और सोर्सिंग जगहों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इन चुनौतियों के समाधान के साथ टेक्सटाइल निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत दिखाई दे रही है। उम्मीद करें कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। एक जून से 30 अक्टूबर तक के लिए लागू कपास के आयात में सीमा शुल्क की छूट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को पर्याप्त राहत मिलेगी और विदेशों में भारत के टेक्सटाइल निर्यातक प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। ऐसे में हम उम्मीद करें कि लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल का बाजार आकार तेजी से बढ़कर 350 अरब डॉलर और निर्यात 100 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के 3.5 करोड़ से अधिक नए मौके निर्मित होते हुए भी दिखाई देंगे।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोलः सरकार बनाम सोशल मीडिया के दावे

भारत तेजी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण, जिसे ई-20 कहा जाता है। सरकार का दावा है कि इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से ई-20 को लेकर अनेक दावे और आशंकाएं सामने आई हैं। कहीं कहा गया कि इससे वाहन के इंजन जल्दी खराब हो जाएंगे, कहीं माइलेज में भारी गिरावट का दावा किया गया, तो कहीं यह तक कहा गया कि ऐसे ईंधन का उपयोग करने पर वाहन का बीमा अमान्य हो सकता है। इन दावों के बाद आम वाहन मालिकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इन दावों पर विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि ई-20 कार्यक्रम किसी जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं है बल्कि यह वैज्ञानिक अनुसंधान, भारतीय परीक्षणों और दुनिया के अनेक देशों के अनुभवों पर आधारित है। मंत्रालय का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अधिकांश दावे भ्रामक हैं और लोगों को तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनानी चाहिए। भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम कोई नई पहल नहीं है। इसकी शुरुआत कई वर्ष पहले कम प्रतिशत मिश्रण के साथ हुई थी। समय के साथ एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ी और सरकार ने मिश्रण का लक्ष्य भी बढ़ाया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने निर्धारित समय से पहले 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया। सरकार का मानना है कि इससे पेट्रोलियम आयात पर होने वाला भारी खर्च कम होगा और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। साथ ही गन्ना, मक्का तथा अन्य फसलों से एथेनॉल उत्पादन होने के कारण किसानों के लिए अतिरिक्त बाजार उपलब्ध होगा। सबसे बड़ा विवाद इंजन की सुरक्षा को लेकर सामने आया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और पोस्ट में दावा किया गया कि ई-20 पेट्रोल से इंजन के धातु और रबर के पुर्जे तेजी से खराब हो जाते हैं। सरकार ने इन दावों को गलत बताते हुए कहा कि भारतीय अनुसंधान संस्थानों और वाहन निर्माताओं द्वारा किए गए परीक्षणों में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला कि ई-20 से आधुनिक वाहनों के इंजन को गंभीर नुकसान पहुंचता है। मंत्रालय के अनुसार जिन वाहनों को ई-20 के अनुरूप बनाया गया है, उनमें इसका सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है। हालांकि बहुत पुराने वाहनों में कुछ रबर या प्लास्टिक के पुर्जों का घिसाव अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है, लेकिन इसे व्यापक इंजन खराबी का प्रमाण नहीं माना जा सकता। माइलेज का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल की तुलना में कुछ कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में ईंधन दक्षता में हल्की कमी आ सकती है। स्वयं पेट्रोलियम मंत्री ने भी स्वीकार किया है कि माइलेज में मामूली गिरावट संभव है, लेकिन सरकार का कहना है कि यह इतनी अधिक नहीं होती कि वाहन संचालन पर बड़ा प्रभाव पड़े। दूसरी ओर कुछ उपभोक्ताओं का अनुभव इससे अलग भी रहा है और उन्होंने अधिक कमी महसूस होने की शिकायत की है। यही कारण है कि इस विषय पर सार्वजनिक बहस अभी भी जारी है। बीमा को लेकर फैली अफवाहों ने भी लोगों को परेशान किया। कई संदेशों में दावा किया गया कि यदि वाहन में ई-20 पेट्रोल का उपयोग किया गया तो दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनी दावा स्वीकार नहीं करेगी। मंत्रालय ने इसे पूरी तरह भ्रामक बताया है। सरकार के अनुसार यदि वाहन निर्माता ने ई-20 उपयोग की अनुमति दी है या वाहन इस ईंधन के अनुरूप है, तो केवल ई-20 का उपयोग करने के कारण बीमा या वारंटी समाप्त नहीं होती। वाहन निर्माता कंपनियों ने भी इस संबंध में उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। एक और वायरल दावा था कि एथेनॉल उत्पादन में अत्यधिक पानी खर्च होता है और इससे जल संकट बढ़ जाएगा। कुछ संदेशों में एक लीटर एथेनॉल बनाने के लिए हजारों लीटर पानी खर्च होने की बात कही गई। सरकार ने इसे भी गलत बताया है। कुल मिलाकर ई-20 पेट्रोल को लेकर दो समानांतर तस्वीरें सामने आती हैं। पहली तस्वीर सरकार और वैज्ञानिक संस्थानों की है, जो इसे ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। दूसरी तस्वीर उन उपभोक्ताओं और विशेषज्ञों की है जो माइलेज, पुराने वाहनों की अनुकूलता और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर अधिक अध्ययन और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी नई तकनीक की सफलता अंततः तथ्यों, पारदर्शिता और निरंतर संवाद पर ही निर्भर करती है।

( लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' – *सचिन गुलिया, रोहतक*

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते हैं। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है?
**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां हैं। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं।
**-डी. के. शिवकुमार,** सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव,** सीएम एमपी

## करंट अफेयर

# चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं था। इस खबर को रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा साझा किया गया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस परीक्षण की आलोचना की। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस नियोजित प्रक्षेपण की जानकारी कुछ घंटे पहले दे दी गई थी और उसने इस पर ध्यान आकर्षित किया कि मिसाइल को दक्षिण प्रशांत महासागर के परमाणु मुक्त क्षेत्र में दागा गया था।

## ऑफ बीट

# चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है



अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार– जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है– आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है। वास्तव में , यह एक स्वस्थ मां का संकेत हो सकता है, जो अपनी जिदगी के सबसे ज्यादा ऊर्जा की मांग वाले दौर में अपनी ऊर्जा के भंडार को सावधानी से संभाल रही है। संतुलित करने की कोशिश सदर्न राइट व्हेल छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा लंबी दूरी तय करती हैं। यह दूरी पर्थ से सिडनी और वापस आने की दूरी के बराबर है। अगर यह दूरी आपको मुश्किल भरी नहीं लगती, तो जान लें कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे को जन्म देने वाली जगहों पर 'सदर्न राइट व्हेल' कुछ भी खाती-पीती नहीं हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# दिलजीत को झटका बैन हुई फिल्म सतलुज

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

## लाइफ Style



# नीति बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# मैं अभी भी सीख रही हूं...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हूं, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

## टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई।** पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग



रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।

# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल



**मुंबई ।** श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मैं कहती हूं इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हें बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।

# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है। सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इसी हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।




**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्रामा बाल्टी चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत नई पीढ़ी तक पहुंचाना राष्ट्र का दायित्व : प्रह्लाद पटेल

## जबलपुर केंद्रीय जेल में स्वतंत्रता सेनानी जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' सभा भवन का शिलान्यास, 400 कैदियों की क्षमता वाला अत्याधुनिक सभागार बनेगा





**जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं रहने देना चाहिए, बल्कि उनकी प्रेरणादायी गाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है। यह बात प्रदेश के पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय जेल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी एवं लोकमत मीडिया समूह के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' की स्मृति में बनने वाले 'स्वतंत्रता सेनानी जवाहरलाल दर्डा सभा भवन' के शिलान्यास समारोह में कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करता है। जवाहरलाल दर्डा ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ आजादी के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों, जनसेवा और निष्पक्ष पत्रकारिता को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने कहा कि लोकमत समूह द्वारा केंद्रीय जेल में सभा भवन का निर्माण सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का अनुकरणीय उदाहरण है।

**स्वतंत्रता की प्रेरणा से जोड़ने का कार्य**-समारोह में विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि जबलपुर और जवाहरलाल दर्डा का ऐतिहासिक संबंध रहा है। उनकी स्मृति में बनने वाला यह सभागार आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा से जोड़ने का कार्य करेगा।**परिवार का भावनात्मक जुड़ाव**- कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकमत समूह के एडिटर इन चीफ एवं महाराष्ट्र के पूर्व उद्योग एवं शिक्षा मंत्री राजेंद्र दर्डा ने की। उन्होंने कहा कि उनके पिता जवाहरलाल दर्डा ने महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और वर्ष 1942 से 1944 के बीच भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इसी केंद्रीय जेल में कैद रहे। इसी कारण इस जेल से उनके परिवार का भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि लोकमत समूह आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सरोकार और जनहित के कार्यों के माध्यम से उन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ा रहा है।

**सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना परंपरा**-जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर ने बताया कि प्रस्तावित सभा भवन में कैदियों के लिए सांस्कृतिक, शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं सुधारात्मक गतिविधियों का नियमित संचालन किया जाएगा। लोकमत समूह के निदेशक अशोक जैन ने कहा कि पत्रकारिता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना लोकमत की परंपरा रही है और यह भवन उसी सोच का विस्तार है।**यह रहे उपस्थित**-समारोह में उप जेल अधीक्षक एवं जेलर मदन कमलेश, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, लोकमत समूह के वाइस प्रेसिडेंट संजय खरे, ब्यूरो चीफ संजय परोहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कुदाल चलाकर किया शिलान्यास**-अतिथियों ने विधिवत पूजन के बाद निर्माण स्थल पर कुदाल चलाकर शिलान्यास किया। करीब 5 हजार वर्गफुट क्षेत्र में बनने वाले इस सभागार में 400 कैदियों के बैठने की क्षमता होगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों ने जेल बैरक पहुंचकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### कलमवीरो ने किया दर्डा का सम्मान-

कार्यक्रम के दौरान कलमवीर संघर्ष संगठन के पदाधिकारियों ने महाराष्ट्र सरकार के पूर्व उद्योग एवं शिक्षा मंत्री तथा लोकमत समाचार के एडिटर इन चीफ राजेंद्र दर्डा का शाल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शुभम् शुक्ला, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय साहू, राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यजीत यादव, प्रदेश प्रवक्ता हर्षित चौरसिया, जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला, दिलीप तिवारी एवं सुनील सेन ने उनका सम्मान करते हुए पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, विधायक अशोक रोहाणी तथा लोकमत समाचार के ब्यूरो चीफ संजय परोहा भी उपस्थित रहे।

# निजी स्वामित्व व विवादित भूमि पर निर्माण कार्य रोका जाए

**महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच उच्च न्यायालय में दायर करेगा याचिका**

**जबलपुर।** महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के संयोजक विजय कांडा ने बताया कि आजकल रोजाना देखने में आ रहा है कि जानबूझकर निजी स्वामित्व व विवादित भूमियों पर लगातार सरकारी पैसों से निर्माण कर सरकारी पैसों का दुरुपयोग कर शासन को करोड़ों, अरबों रुपये का चूना लगाया जा रहा है, जिसको लेकर आये दिन विवाह की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया गया शासन द्वारा दिए जा रहे सांसद, विधायक, पार्षद मद व अनेक सरकारी संस्थाओं के द्वारा निजी भूमि, विवादित भूमियों पर बिना दस्तावेज, बिना पंजीयन जांच किए तालाब, बाउंड्रीवॉल, सड़क, सामुदायिक भवन, धार्मिक स्थल, नाला, नालियों व अन्य निर्माण कार्य किए जाते हैं, व खुलेआम सरकारी पैसों की बंदरबांट की जाती है, जबकि शासन के नियमानुसार सरकारी पैसों से निजी भूमि, विवादित भूमि पर उच्च न्यायालय में परिवाद के चलते केस का निर्णय आने तक निर्माण कराना प्रतिबंधित है। महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मप्र के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव से शासकीय पैसों से होने वाले निर्माण कार्यों को रोकने की मांग की है। मांग पूर्ण नहीं होने पर मंच समस्त राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृति संगठनों के साथ जनआंदोलन करने व उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने बाध्य होगा। मांगकर्ताओं में मंच के विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, दीपक सिंह राजपूत, अनुज सिंह ठाकुर, पिंकी ठाकुर, नरेश चिंटू राजपूत, आशीष यादव, राजेश पटेल, धीरज सिंह, कृष्णा साहू, संजीव, शशांक यादव, सुरेश हिरसकर, जीएस राजपूत, अशोक सिंह जादौन सहित अन्य शामिल रहे।



# ऑपरेशन हमदर्द: जीआरपी जबलपुर ने निराश्रितों का तैयार किया डोजियर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस के ₹ऑपरेशन हमदर्द₹ अभियान के तहत जीआरपी थाना जबलपुर ने रेलवे स्टेशन परिसर में रहने वाले निराश्रित, असहाय एवं बेघर व्यक्तियों की पहचान कर उनका डोजियर तैयार किया। अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय एवं अन्य स्थानों पर रह रहे लोगों के नाम, पता, आयु, परिजनों की जानकारी, स्वास्थ्य संबंधी विवरण एवं फोटो संकलित किए गए। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों की पहचान सुनिश्चित करना, उन्हें परिजनों व शासकीय योजनाओं से जोड़ना तथा रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाना है। जीआरपी ने आमजन से अपील की है कि स्टेशन परिसर में कोई निराश्रित, लावारिस या मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल इसकी सूचना जीआरपी को दें, ताकि समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# कैच द रेन व अमृत-2.0 कार्यों में लाएं गति, करें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण: निगमायुक्त



**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने जल संरक्षण, नगरीय विकास एवं जन-शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कैच द रेन अभियान तथा अमृत-2.0 योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन के लिए सभी शासकीय भवनों में निर्धारित संरचनाएं समय-सीमा के भीतर तैयार की जाएं तथा जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण के लिए उद्यान विकास कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अमृत-2.0 के अंतर्गत संचालित जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने और तकनीकी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं।निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का आवेदकों की संतुष्टि के साथ त्वरित निराकरण किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आगामी विधानसभा सत्र को देखते हुए सभी विभागों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तथ्यात्मक, प्रामाणिक एवं निर्धारित समय-सीमा में तैयार कर भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




# विश्व योग दिवस के सफल आयोजन पर घनश्याम सोनी सम्मानित

**जबलपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को महामहिम राष्ट्रपति की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के सफल संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गेहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्बे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पतालों के निजीकरण का जन संगठनों ने किया विरोध स्वास्थ्य मंत्री को भेजा पत्र

**जबलपुर।** रीवा, देवास और गुना जिले के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को निजी हाथों में सौंपने के प्रदेश सरकार के निर्णय का जबलपुर के जन संगठनों ने विरोध किया है। संगठनों ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर प्रस्ताव वापस लेने और सरकारी अस्पतालों को इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड्स के अनुरूप सुदृढ़ करने की मांग की। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 2025 का हवाला देते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज निजी अस्पतालों की तुलना में काफी सस्ता है, इसलिए निजीकरण से गरीब और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जन संगठनों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में घनश्याम सोनकर, पीएस राजपूत, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडेय और मनीषा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेंट अलॉयसियस स्कूल के 1982 बैच का पुनर्मिलन 12-13 दिसंबर को



**जबलपुर।** सेंट अलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर के वर्ष 1982 बैच के पूर्व छात्र 45 वर्ष बाद एक भव्य पुनर्मिलन समारोह का आयोजन 12 एवं 13 दिसंबर 2026 को करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में देश-विदेश में बसे बैच के पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ शामिल होंगे। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने सहपाठियों और शिक्षकों से दोबारा मिलकर स्कूल जीवन की यादों को ताजा करना तथा आपसी संबंधों को और मजबूत बनाना है।

पुनर्मिलन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्कूल परिसर का भ्रमण, पुरानी तस्वीरों की प्रदर्शनी, स्मृतियों का साझा मंच और सामूहिक रात्रिभोज सहित कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व छात्रों ने बताया कि अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और यूरोप सहित विभिन्न देशों तथा भारत के अनेक शहरों से सहपाठी इस ऐतिहासिक मिलन में शामिल होने के लिए जबलपुर पहुंचेंगे। आयोजन समिति ने 1982 बैच के सभी पूर्व छात्रों से इस यादगार आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। पुनर्मिलन से संबंधित जानकारी बैच के व्हाट्सएप ग्रुप एवं आयोजन समिति के सदस्यों से प्राप्त की जा सकती है। आयोजकों का विश्वास है कि 45 वर्षों बाद होने वाला यह मिलन सभी पूर्व छात्रों के लिए अविस्मरणीय और भावनात्मक अनुभव साबित होगा।



# अभा रविदास धर्म संगठन ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**जबलपुर।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सुखदेव बाघमारे का आकस्मिक निधन 21 जून को हो गया, उनके निधन पर 05 जुलाई को संगठन द्वारा शोकसभा व गुरु रविदास की अमृतवाणी का आयोजन गुरु रविदास आश्रम भानतलैया में कर सुखदेव बाघमारे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमृतवाणी का वाचन रामदयाल शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में बालकिशन चौधरी, यमेश चौधरी, एड. अरविंद चौधरी, राधेलाल रैदास, मूलचंद मोरे, लक्ष्मण चौधरी, सुदीप सूर्यवंशी, मुकेश चौधरी, संदीप चौधरी, लीलाधर आचार्य, शेखर चौधरी, कैलाश नाथ, आदि चौधरी, अयोध्या चौधरी, आशा चौधरी, वंदना चौधरी, ज्योति रोहितास, अनीता चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बिजली कंपनी सख्त: कार्य आदेश वाला ठेकेदार ही करेगा काम

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने लाइन एवं सबस्टेशन से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नया आदेश जारी किया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि जिस पैनलबद्ध ठेकेदार के नाम पर कार्य आदेश जारी होगा, वही कार्य करेगा और उसे किसी अन्य ठेकेदार या व्यक्ति को नहीं सौंप सकेगा। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित ठेकेदार और अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्य आदेश निरस्त करने, सुरक्षा राशि जब्त करने, भविष्य के कार्यों से वंचित करने तथा ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। कंपनी ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

# गोटिया कप 2026 के लिए स्वीडन रवाना हुए कोच पुष्पेंद्र कुशवाहा



**जबलपुर।** स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्यप्रदेश के कोच पुष्पेंद्र कुशवाहा का चयन विश्व की प्रतिष्ठित एसकेएफ गोटिया कप फुटबॉल 2026 में भारतीय दल के कोच के रूप में हुआ है। प्रतियोगिता 11 से 17 जुलाई तक गोथेनबर्ग (स्वीडन) में आयोजित होगी। स्वीडन रवाना होने से पहले भारतीय टीम ने ग्वालियर में विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। भोपाल में खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और राज्यमंत्री लखन पटेल ने दल को शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बैनर्जी एवं खेल निदेशक एहतिशाम उद्दीन ने इसे मध्यप्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। स्वीडन रवाना होने से पूर्व परिवार, फैमिली फोरम के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों ने पुष्पेंद्र कुशवाहा का सम्मान कर भारतीय टीम की सफलता की कामना की।

# ग्वालियर से रीवा के बीच 20-20 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा 04191/04192 ग्वालियर-रीवा-ग्वालियर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन ग्वालियर से 08 जुलाई से 25 नवम्बर 2026 तक (22 जुलाई 2026 को एक ट्रिप छोड़कर) तथा रीवा से भी 08 जुलाई से 25 नवम्बर 2026 तक (22 जुलाई 2026 को एक ट्रिप छोड़कर) बीस-बीस ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 04191 ग्वालियर-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को ग्वालियर से सुबह 07:40 बजे प्रस्थान कर, डबरा 08:12 बजे, दतिया 08:38 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी 09:10 बजे, निवाड़ी 09:49 बजे, मऊ रानीपुर 10:16 बजे, हरपालपुर 10:36 बजे, महोबा जंक्शन 11:23 बजे, बाँदा जंक्शन 12:35 बजे, अतर्रा 13:18 बजे, चित्रकूटधाम कर्वी 14:15 बजे, टिकरिया 16:50 बजे, मझगवाँ 17:20 बजे, जैतवार 17:58 बजे, कैमा जंक्शन 18:30 बजे आगमनकर उसी दिन शाम को रीवा 19:40 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या रीवा-ग्वालियर साप्ताहिक प्रत्येक बुधवार को रीवा से रात 21:00 बजे प्रस्थान कर कैमा जंक्शन 21:50 बजे, जैतवार 22:38 बजे, मझगवाँ 23:03 बजे, टिकरिया 23:23 बजे, पहुँचकर दूसरे दिन चित्रकूटधाम कर्वी मध्यरात्रि 00:38 बजे, अतर्रा 01:15 बजे, बाँदा जंक्शन 02:15 बजे, महोबा जंक्शन 03:30 बजे, हरपालपुर 04:20 बजे, मऊ रानीपुर 04:43 बजे, निवाड़ी 05:23 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी 07:00 बजे, दतिया 07:40 बजे, डबरा 08:05 बजे, पहुँचकर गुरुवार को ग्वालियर 09:40 बजे पहुँचेगी।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/88
दिनांक:- 06/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री कृष्ण दास गुप्ता ने मकान नं.88/7FF-105 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथमतल 700 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/89
दिनांक:- 06/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना गुप्ता पति श्री सुशील कुमार गुप्ता ने मकान नं.853 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 320 व.फु. विक्रपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/91
दिनांक:- 06/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुक्ता बाजपेयी पति श्री विद्यानंद बाजपेयी ने मकान नं.388 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथमतल 594 व.फु. विक्रपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर
पत्र क्रं./बा.वि./2026/49 दिनांक 03/07/2026
**दुकान नामान्तरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमति हेमलता कुकरेजा पति श्री थॉवरदास कुकरेजा द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं सहमति पत्र, पार्टनरशीप डीड के आधार पर निगम स्वामित्व की भरतीपुर मार्केट दुकान क्र. 06 में नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण / हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं. 57, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
बाजार अधीक्षक
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/93
दिनांक:- 06/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती तारा पाठक पति श्री मनरमन पाठक ने मकान नं.388 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान द्वितीयतल 228.60 व.फु. विक्रपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/94
दिनांक:- 06/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्रीमती इलीना भट्टाचार्य पति श्री अभिजीत भट्टाचार्य(2)श्रीमती रोबिना मुखर्जी पति श्री कल्याण मुखर्जी ने मकान नं.443/डीबी-8 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथमतल 922 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/95
दिनांक:- 06/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्रीमती प्रिया गिडवानी पति स्व. श्री संजीव गिडवानी (2)ख्याति गिडवानी पिता स्व. श्री संजीव गिडवानी ने मकान नं. 857/3F/A-311 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीयतल 1242 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने किया आवेदन, पतंजलि के 50 सन्यासी भी इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे

**14 तक आवेदन, 15 से 17 को आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला और 18 जुलाई को होगा इंटरव्यू**

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी के लिए भोजन, आवास सब कुछ निःशुल्क


21 जुलाई से नियमित कक्षाएं, देश के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी मेंटर्स देंगे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि सिविल सर्विस अकादमी को लेकर देश भर में उत्साह है। अभी तक देश भर से 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा समेत देश के 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रतिदिन पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है। बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र होंगे।

अकादमी में यूपीएससी के साथ-साथ पीसीएस परीक्षाओं की भी उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी। इस पंजीकरण की विशेषता यह है कि पहली बार पतंजलि योगपीठ के लगभग 50 सन्यासी भी इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे तथा 18 जुलाई को आयोजित इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे। योग गुरू स्वामी रामदेव ने एक और बड़ी अहम घोषणा की है कि जिन्होंने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर यूपीएससी अथवा पीसीएस की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, किन्तु कम-से-कम दो प्रयासों के बाद भी इंटरव्यू में सफलता प्राप्त न कर सके हों तथा पुनः तैयारी करना चाहते हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## स्वामी रामदेव और आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण के संकल्पों की अकादमी



योग गुरु स्वामी रामदेव अकादमी के बारे में जानकारी देते हुए

योगगुरु स्वामी रामदेव एवं आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण के शुभ संकल्पों एवं प्रेरणा से पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी की स्थापना की गई है। इस अकादमी का उद्देश्य केवल आईएएस, आईपीएस अथवा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि राष्ट्रनिष्ठ,चरित्रवान, ईमानदार, सेवाभावी एवं भारतीय संस्कृति के आदर्शों से प्रेरित ऐसे प्रशासकों का निर्माण करना है, जो योग, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज एवं राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा कर सकें। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए वर्ष 2026–28 बैच का प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर

### संपूर्ण व्यय पतंजलि खुद वहन करेगी

साक्षात्कार में योग्य अभ्यर्थियों की आवास से लेकर संपूर्ण प्रशिक्षण तक का व्यय पतंजलि खुद वहन करेगी। साथ ही 15 जुलाई से 18 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यशाला एवं इंटरव्यू में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। इस अवधि का सम्पूर्ण व्यय पतंजलि योगपीठ की ओर से वहन किया जाएगा। पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी के अध्यक्ष के रूप में अवध ओझा मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। अकादमी के संरक्षक भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एनपी सिंह (सेवानिवृत आईएएस ) हैं तथा सचिव के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) मयंक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

### देशभर के अभ्यर्थियों का ऑनलाइन और ऑफ लाइन पंजीकरण जारी

देशभर के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीकरण जारी हैं। विद्यार्थी www.patanjalicivilserviceacademy.com पर जाकर सीधे ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने एवं मात्र 1000 पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरांत अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी सीधे पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार पहुंचकर भी पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026, सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को 14 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार पहुंचना

### विद्यार्थियों को वास्तविक अनुभव मिले इसलिए मागदर्शक मंडल का गठन

विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं के वास्तविक अनुभवों का लाभ मिल सके, इसके लिए अकादमी में एक विशेष 'मार्गदर्शक मंडल' का गठन किया गया है। सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस अधिकारी, कुलपति एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् शामिल हैं। मार्गदर्शक मंडल में योगेन्द्र नारायण, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व महासचिव, राज्यसभा एवं पूर्व रक्षा सचिव, भारत सरकार, बलविंदर कुमार,आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व सचिव, भारत सरकार, आनंद कुमार आईपीएस (सेवानिवृत्त) पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजी रैंक) तथा प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली सहित अनेक प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् एवं विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हैं।

### इंटरव्यू में चयनितों की 21 जुलाई से प्रारंभ होंगी नियमित कक्षाएं

इंटरव्यू में चयनित विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएँ 21 जुलाई 2026 से प्रारम्भ होंगी। यह दो वर्षीय पूर्णतः आवासीय फाउंडेशन कोर्स होगा। प्रथम 6 माह बेसिक फाउंडेशन, अगले 1 वर्ष एडवांस अध्ययन तथा अंतिम 6 माह रिवीजन एवं टेस्ट सीरीज़ के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्ष 2028 की यूपीएससी एवं राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षाओं के लिए सुदृढ़ आधार प्रदान किया जाएगा।

# परिवर्तनकारी सामाजिक कार्य एवं भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए अच्युत सामंत को AAPI सम्मान



भुवनेश्वर। प्रख्यात शिक्षाविद्, समाज सुधारक तथा **KIIT**, **KIMS** और **KISS** के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (**AAPI**) द्वारा "ट्रांसफॉर्मेशनल सोशल वर्क एंड इंडो-यूएस पार्टनरशिप अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के टैम्पा शहर में आयोजित **AAPICON** 2026 के वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 2 से 5 जुलाई तक आयोजित **AAPICON** 2026 एवं **AAPI** के 44वें कांग्रेस के दौरान डॉ. सामंत को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य, दूरदर्शी परोपकार, परिवर्तनकारी मानवीय पहलों, ग्लोबल हेल्थ समिट 2026 के दौरान **AAPI** को दिए गए उनके अनुकरणीय सहयोग तथा भारत-अमेरिका साझेदारी को सुदृढ़ बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।यह सम्मान **AAPI** के अध्यक्ष डॉ. अमित चक्रवर्ती ने लगभग 3,000 चिकित्सकों की उपस्थिति में डॉ. सामंत को प्रदान किया। एसोसिएशन ने डॉ. सामंत के आजीवन सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मानवीय पहलों के माध्यम से वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए उनके अटूट प्रयासों की भी सराहना की। **AAPI** अमेरिका में भारतीय मूल के चिकित्सकों का सबसे पुराना और सबसे बड़ा संगठन है, जो 1.20 लाख से अधिक भारतीय मूल के डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके सदस्य पूरे अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और इस वर्ष के सम्मेलन में 3,000 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया।4 जुलाई, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के अवसर के साथ संयोग था, डॉ. सामंत को सम्मेलन के एक विशेष सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में **AAPI** के उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए वैश्विक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के लिए भारत और भारतीय प्रवासी समुदाय के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


# प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि. ने लॉन्च किया एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक




**अब टैंक की सफाई की चिंता खत्म, पानी रहेगा हमेशा स्वच्छ और सुरक्षित**

नागपुर। आर. सी. प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि., जो भारत में उच्च गुणवत्ता वाले वॉटर टैंक्स, पाइप्स एवं प्लास्टिक उत्पादों का अग्रणी ब्रांड है, ने अपने ग्राहकों के लिए एक अत्याधुनिक और अभिनव उत्पाद "प्लास्टो एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक" लॉन्च किया है। यह टैंक आधुनिक तकनीक से लैस है, जो पानी की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ टैंक की सफाई की परेशानी को भी काफी हद तक कम करता है।आज अधिकांश घरों में वॉटर टैंक की सफाई एक बड़ी चुनौती है। समय की कमी, ऊंचाई पर लगे टैंक तक पहुंचने में कठिनाई और नियमित सफाई न होने के कारण टैंक में मिट्टी, धूल, कचरा और अन्य अशुद्धियां जमा हो जाती हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक- प्र.का.से./ का.से./ 2026-27 दिनांक 06/07/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ग्राम अमखेरा नं.बं. 62 प.ह.नं. 24 खसरा नं. 146/1/1/1/1/1 कुल रकबा 2.9506 हेक्टेयर (29506 वर्गमीटर) में से 2.88911 हेक्टेयर (28891.1 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (न्यू प्रेम नगर) की अनुमति हेतु विकासकर्ता / कालोनाईजर श्री चंदन सिंह यादव आत्मज श्री प्रेम सिंह यादव पता- मकान नं. 159 न्यू प्रेम नगर अमखेरा रोड अधारताल जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है:- **भूखण्ड क्रमांक- 13 से 19, 63, 64, 80 से 87, 91, 92, 106 से 112, 126 से 129 एवं 140 कुल 31 नग क्षेत्रफल 3312.85 वर्गमीटर** अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक- 5 में किया जा सकता है।

**प्रभारी कालोनी सेल**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro-365 Date-06/07/2026 2026_UAD_518881_1 | संभाग क्र.-16 अंतर्गत 05 वार्डो में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत कमर्शियल एरिया एवं स्लम एरिया रहवासी एरिया में कच्चे स्थानों का सीमेंटीकरण एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 04 माह 4.20 | 2000/- 4200/- | 18/07/2026 |
| 2 | Pro-365 Date-06/07/2026 2026_UAD_518881_2 | संभाग क्र.-16 अंतर्गत 05 वार्डो में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत कमर्शियल एरिया एवं स्लम एरिया रहवासी एरिया में नाली मरम्मत एवं नाली कवर्ड एवं अन्य कार्य। | 4 माह 4.19 | 2000/ 4200/- | 18/07/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री**
**नगर निगम जबलपुर**

## पश्चिम मध्य रेल

**विद्युत विभाग ( कर्षण-वितरण शाखा ) जबलपुर, ई- निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **क्र.सं.-01-मापदंड ( 1 ) एन.आई.टी नं.**-जबल-टीआरडी-निविदा-2025-2R दिनांक 03.07.2026, **1.कार्य का नाम**-विद्युत गुणवत्ता विश्लेषक का प्रावधान अर्थात वोल्टेज/वर्तमान हार्मोनिक्स की सीमाओं के संबंध में हार्मोनिक अध्ययन। **2. कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल, **3.कार्य की अवधि**-18 माह **4.कार्य की कीमत ( टेंडर वेल्यू )**-रुपये 1,60,81,233.30/-(रुपये एक करोड़ साठ लाख इक्यासी हजार दो सौ तैंतीस एवं तीस पैसे मात्र) **5.बयाना राशि**-रुपए-3,21,600.00/- **6. निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-27.07.2026 को 15:00 बजे/ 27.07.2026 को 15:30 बजे **क्र.सं.-02-मापदंड ( 2 ) एन.आई.टी नं.**-जबल-टीआरडी-निविदा-2026-07 दिनांक 03.07.2026, **1.कार्य का नाम**-जबलपुर डिवीजन में 25 केवी एसी ट्रैक्शन के लिए उपयुक्त हाई वोल्टेज कम्पोजिट इंसुलेशन कोटिंग कंपाउंड की सप्लाई और एप्लीकेशन। **2. कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल, **3.कार्य की अवधि**-12 माह **4.कार्य की कीमत ( टेंडर वेल्यू )**-रुपये 1,99,68,140.50/-(रुपये एक करोड़ निन्यानवे लाख अड़सठ हजार एक सौ चालीस रूपये एवं पचास पैसे मात्र) **5.बयाना राशि**-रुपए-3,99,400.00/- **6. निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-27.07.2026 को 15:00 बजे/ 27.07.2026 को 15:30 बजे। **उपरोक्त सभी निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट**- https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 8. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आईआरईपीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS, की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

( हस्ता. )
**मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण-वितरण**
**कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर परिषद भेड़ाघाट जिला जबलपुर (म. प्र.)
## Municipal Council Bhedaghat Jabalpur (M.P.)

Phone No- 0761-2830418, Email - cmobhedaghat@mpurban.gov.in, Website- bhedaghat.in

क्रमांक/1068/ न.प./ स्व.भ.मि. / 2026 भेड़ाघाट, दिनांक : 3/07/2026

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं, जो दिनांक 01 अप्रैल 2026 से पूर्ण रूप से प्रभावी हो गए हैं तथा निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू कर दिए गए हैं। उक्त नियम के नियम क्रमांक 3 (झ / i) 6 एवं 10 में थोक कचरा उत्पादक **(Bulk Waste Generator & BWG)** की श्रेणी हेतु वर्णित परिभाषा एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार थोक कचरा उत्पादक की परिभाषा इस प्रकार है :- 'भारी मात्रा के अपशिष्ट जनित' वो इकाइयां जो निम्नलिखित में से कम से कम एक मानदंड पूरा करती हों :-

1. 20,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल **(Floor Area)** वाले भवन।
2. प्रतिदिन 40,000 लीटर पानी की खपत।
3. प्रतिदिन 100 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट का उत्पादन सम्मिलित। उक्तानुसार निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संघ एवं अन्य संस्थान आदि जो उपरोक्त में से कम से कम किसी एक मानदंड को पूरा करते हैं, तो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम - 2026 के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जावेंगे। ऐसे सभी थोक कचरा उत्पादकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम - 2026 का पालन किया जाना अनिवार्य है।

**थोक कचरा उत्पादकों हेतु दिशा निर्देश** :- 1. सभी थोक कचरा उत्पादकों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार **(Centralised Portal )** पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। 2. संस्थान में उत्पन्न गीले, सूखे एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को पृथक्कीकृत कर एकत्र करना। 3. एकत्र गीले कचरे का संस्थान में ही निष्पादन करना। 4. पिट कम्पोस्टिंग, बायोगैस, **OWC** मशीन अथवा अन्य माध्यमों से कचरे का निष्पादन करना। 5. प्रतिदिन उत्पन्न कचरे के नियमानुसार प्रबंधन हेतु केयर टेकर नियुक्त करना। 6. निष्पादित गीले कचरे से बनी खाद का उपयोग करना। 7. संस्थान से निकलने वाले सूखे एवं अन्य अपशिष्ट को निकाय के अधिकारिक कचरा संग्राहक को सौंपें। 8. प्रतिदिन प्रसंस्कृत किये गये गीले अपशिष्ट एवं उत्पन्न खाद का लॉग बुक संधारित करना। 9. यदि संस्थान अपने परिसर में ही गीले कचरे का प्रसंस्करण करने में असमर्थ है, तो नियमानुसार निकाय अथवा निकाय द्वारा अधिकृत संस्थान से गीले कचरे के प्रसंस्करण हेतु अनुबंध निष्पादन कर निकाय से विस्तारित थोक अपशिष्ट जनित उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र **(E&tended Bulk Waste Generator Responsibility (EBWGR Certificate)** प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। 10. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम - 2026 के नियम क्र. 6 एवं 10 में वर्णित समस्त प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य हैं

उपरोक्त दिशा-निदेशों का पालन करते हुए सभी थोक कचरा उत्पादक अपने परिसर में ही कचरे का निष्पादन किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा निकाय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। यदि उल्लेखित संस्थान आदि उक्त अधिनियम का उल्लंघन करते पाए जाते है, तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं रू 500/- (जैसा निकाय द्वारा निर्णय लिया जाये) प्रतिदिन के मान से अर्थदंड आरोपित किया जाएगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् भेड़ाघाट**
**जिला जबलपुर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

AN ISO 9001:2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-16/व.ले.लि./2026-27 जबलपुर, दिनांक 02/07/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_PWDRB_518458_pack1 | संभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न प्रोजेक्ट के भूमि अधिग्रहण, ई.पी.सी. मोड टेण्डर डाक्यूमेंट इत्यादि एवं डी.पी.आर. तैयार करने का कार्य। | प्रथम | 5.00 | 10000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 02 | 2026_PWDRB_518459_pack1 | संभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय क्वार्टर्स में रेट्रो फिटिंग एवं रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 03 | 2026_PWDRB_518460_pack1 | संभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय क्वार्टर्स में स्लैब मरम्मत, फ्लोरिंग, दीवार इत्यादि का कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 04 | 2026_PWDRB_518462_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 जबलपुर के अंतर्गत हाई राईस शासकीय आवासीय क्वार्टर्स में छज्जा, सीवर लाईन इत्यादि एवं विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 05 | 2026_PWDRB_518463_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 जबलपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में विभिन्न विविध कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 06 | 2026_PWDRB_518464_pack1 | सिविल लाईन स्थित न्यायाधीश बंगलों में विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 07 | 2026_PWDRB_518465_pack1 | सिविल लाईन स्थित न्यायाधीश बंगलों में सीलिंग एवं छत का कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 08 | 2026_PWDRB_518466_pack1 | पश्चिम विधान सभा विधायक निधि के अंतर्गत यज्ञ शाला मंदिर, नर्मदा तट, मुकुट तिराहा तिलवारा घाट, रमनगरा के पास शेड निर्माण का कार्य। | प्रथम | 21.10 | 422000/- | 5000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 09 | 2026_PWDRB_518471_pack1 | रानी दुर्गावती वार्ड जबलपुर के अंतर्गत छोटी बजरिया, पचमठा एवं मुजावर मोहल्ला के सी. सी. मार्ग में सुदृढ़ीकरण का कार्य। (छटवां आमंत्रण) | सप्तम | 250.90 | 250900/- | 15000/- | 05 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 10 | 2026_PWDRB_518472_pack1 | धनवंतरी नगर परसवाड़ा एवं गुजराती कालोनी के बीच मार्ग का मजबूतीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | तृतीय | 238.96 | 239000/- | 15000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

टीप:-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 17.07.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15339/26 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोकनिर्माणविभाग (भ/स)**
**संभाग क्र. 2, जबलपुर**


## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6279



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6278 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु बवाल - 6289

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 6288 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

जबलपुर, मंगलवार
7 जुलाई 2026
हरिभूमि

# सहेली



आज की स्त्री केवल घर-परिवार की तमाम जिम्मेदारियों के बीच दबकर नहीं रहना चाहती। वह साझा जिम्मेदारियों में यकीन करती है। वह अपनी परंपरागत छवि से निकलकर ऐसी जिंदगी जीना चाहती है कि उसे परिवार-समाज में मान-सम्मान मिले, उसका भी एक अस्तित्व हो। पर्सनल लाइफ में ही नहीं, प्रोफेशनल लाइफ में भी वह डिसीजनमेकर बने। नए दौर की स्त्री, आत्मविश्वासी होकर स्वाभिमान से जीवन जीना चाहती है। वह अपनी अस्मिता को लेकर पूरी तरह जागरूक रहती है।

## अपनी अस्मिता के लिए जागरूक आज की स्त्री

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

स्त्री को सदैव सौम्यता की प्रतिमूर्ति माना गया है। जॉन ग्रे की प्रसिद्ध पुस्तक 'पुरुष मंगल से हैं, स्त्रियां शुक्र से', इस बात की पुष्टि करती है। मतलब स्त्रियां सौम्य और कोमल स्वभाव की होती हैं। आमतौर पर परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल की भूमिका निभाती हैं। लेकिन आज सामाजिक परिवेश ही नहीं, व्यक्तिगत सोच भी तेजी से बदल रही है। स्त्रियां अब केवल 'वीनस' यानी अपनी सौम्य और पारंपरिक छवि से बाहर ही नहीं निकल रही हैं। वे मंगल यानी साहस और नेतृत्व के गुणों को भी अपना चुकी हैं। स्त्रियों की छवि अब केवल त्याग की प्रतिमूर्ति वाली नहीं रही, अब उनकी पहचान एक निर्णय लेने वाली, आत्मविश्वास से भरी स्त्री के रूप में उभरी है। पहले स्त्रियों को केवल 'देखभाल' और 'ममता' से जोड़कर देखा जाता था। आज उनकी छवि 'अल्फा फी-मेल' की है, जो घर और ऑफिस दोनों मोर्चों पर नेतृत्व करती हैं। अब वे केवल एक 'सपोर्ट सिस्टम' नहीं, बल्कि 'सिस्टम' चलाने वाली बन गई हैं।

### स्वयं की पहचान पहले

आधुनिक स्त्रियों की आदतों में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि वे दूसरों की जरूरतों से पहले अपने आत्म-सम्मान और करियर को प्राथमिकता देने लगी हैं। आज स्त्रियों के लिए उनकी अपनी पहचान किसी भी रिश्ते से ऊपर है। वे खुद को खोकर किसी रिश्ते को बचाने के पक्ष में नहीं हैं। इससे पारंपरिक ढांचे से अलग 'जेंडर रोल्स' यानी लिंग आधारित भूमिकाएं अब अप्रासंगिक हो रही हैं।

### आर्थिक स्वतंत्रता का प्रभाव

महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों के समीकरण बदल दिए हैं। अब वे केवल सुरक्षा के लिए रिश्तों में नहीं रहतीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव को प्राथमिकता देती हैं। खर्च करने और निवेश करने की आदतों में महिलाएं अब पुरुषों पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी वित्तीय योजनाएं खुद बनाती हैं, जो उनकी बढ़ती आत्मनिर्भरता का द्योतक है। अपनी कमाई को अपनी पसंद पर खर्च करना



और अपने सपनों जैसे अकेले यात्रा करना या शौक पूरे करने के लिए समय निकालना उनकी जीवनशैली में शामिल हो गया है।

### भावनात्मक अपेक्षाएं

आज की स्त्रियां अपने साथी से केवल घर चलाने में मदद नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर गहरी समझ और साझेदारी की उम्मीद करती हैं। बदलते सामाजिक ढांचे के कारण पुरुषों और स्त्रियों के बीच जो 'एक्सपेक्टेशन गैप' यानी अपेक्षाओं का अंतर पैदा हुआ है, उसे समझना ही सुखद जीवन की कुंजी है।



### संचार का नया तरीका

**आज की** स्त्रियों के लिए संवाद केवल समस्याओं को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तिगत स्पेस को परिभाषित करने के लिए भी जरूरी हो गया है। आज स्त्री-पुरुष के बीच समानता के भाव आपसी टकराव की समस्या का निदान है। रिश्तों में 'शक्ति प्रदर्शन' के बजाय 'समान भागीदारी' ही वह रास्ता है, जिससे 'वीनस' और 'मार्स' के बीच की दूरी कम की जा सकती है। स्त्रियां अब 'मौन' रहने के बजाय, अपनी बात मुखरता से रखना पसंद करती हैं। रिश्तों में अपनी सीमाओं को तय करना अब उनकी आदत बन गई है।

### पारिवारिक समीकरणों में बदलाव

आज की महिलाएं घर के कामों को केवल 'अपनी जिम्मेदारी' समझने के बजाय इसे साझा जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं, परिवार के सदस्यों में काम के बंटवारे की मांग करती हैं। घर और करियर के बीच संतुलन बनाना अब केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक साझा पारिवारिक प्रयास है। अपनी पसंद-नापसंद को स्पष्ट रूप से कहना अब जरूरी माना जाने लगा है। वे अब रिश्तों में 'एडजस्टमेंट' के नाम पर अपने अस्तित्व से समझौता नहीं करना चाहतीं।

### सोशल नेटवर्किंग से जुड़ाव

आज की स्त्रियों की आदतों में डिजिटल साक्षरता और सोशल नेटवर्किंग शामिल हो गई है। वे दुनिया भर की जानकारियों से अपडेट रहती हैं, जिससे उनकी सोच का दायरा बंधी सीमाओं को पार कर गया है।

### अपेक्षाओं का नया स्तर

आज की स्त्रियां जीवन साथी से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि बौद्धिक और मानसिक बराबरी की उम्मीद करती हैं। उनकी अपेक्षाएं अब पारंपरिक मानदंडों से कहीं अधिक ऊंची हैं। पहले वे छोटे-बड़े फैसलों के लिए पुरुष पर निर्भर रहती थीं। आज अधिकांश महिलाएं महत्वपूर्ण निर्णय खुद ले रही हैं।

### स्वास्थ्य के प्रति सजगता

अपनी सेहत को नजरअंदाज करने की पुरानी आदत को छोड़कर, अब महिलाएं योग, जिम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अब कोई महिला 'जीरो फिगर' के पीछे भागने के बजाय 'मजबूत शरीर' और 'सक्रिय जीवनशैली' को अपनी आदत बना रही है। उसके लिए फिटनेस अब सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि शक्ति के लिए है।

### भावनात्मक आत्मनिर्भरता

पहले स्त्रियों को भावनात्मक रूप से कमजोर माना जाता था। आधुनिक स्त्रियां अब अपनी खुशी के लिए किसी और पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने अपनी आदतों में 'सेल्फ-लव' और मानसिक मजबूती को शामिल कर लिया है। पारंपरिक बेड़ियों का त्याग करके वे अब उन आदतों और रीति-रिवाजों को चुनौती दे रही हैं, जो उसकी प्रगति में बाधक हैं। पितृसत्तात्मक सोच को नकारने में वे अब हिचक नहीं रही हैं।

### करियर और महत्वाकांक्षा

आज की स्त्रियों के लिए अब काम करना केवल समय बिताने का जरिया नहीं, बल्कि उनकी पहचान का हिस्सा है। उनकी आदतों में अब 'नेटवर्किंग', 'कौशल विकास' और 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा' प्राथमिकता पर हैं। आधुनिक स्त्रियों ने अपनी आदतों में 'डेलिगेशन' (काम सौंपना) सीख लिया है। वह हर काम खुद करके थकने के बजाय तकनीक और संसाधनों का स्मार्ट उपयोग कर रही हैं। कहने का सारांश यही है कि आज की स्त्रियां आत्मनिर्भर हो रही हैं, अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए वे पूरी तरह जागरूक हैं। a

---

कभी-कभी गुस्सा, चिंता, उदासी, डर, अपराधबोध और आत्ममुग्धता जैसी नकारात्मक भावनाएं भी हमें सही दिशा देकर सफलता और सुखी जीवन की राह पर लाती हैं। इस बारे में जानिए।

## कभी-कभी नकारात्मक भाव भी आपके लिए हो सकते हैं फायदेमंद

मनोभाव

अंजू जैन



यह बात पूरी तरह सच नहीं है कि केवल सकारात्मक भावनाएं ही जीवन में सफलता लाती हैं। कई बार बुरा वक्त और गुस्सा, चिंता, डर और अपराधबोध जैसी 'नकारात्मक भावनाएं' भी सफलता और विकास के लिए शक्तिशाली उपकरण साबित होती हैं। अपने पूरे व्यक्तित्व को स्वीकार करना सफलता और संतुष्टि के लिए जरूरी है। समय-समय पर दुनिया भर के मनोविज्ञानियों, व्यवहार विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि नकारात्मक बातें भी हमारे लिए उपयोगी साबित होती हैं, कैसे जानिए-

**गुस्से की शक्ति:** गुस्सा हमेशा बुरा नहीं होता। यह वो ऊर्जा है, जो हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शक्ति देता है। जब हम किसी बात पर गुस्सा होते हैं, तो हमारा शरीर सक्रिय हो जाता है। गुस्से को यदि सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए, तो यह अपनी सेल्फ रेस्पेक्ट की रक्षा करने और समस्याओं को हल करने में ईंधन का काम करता है। गुस्सा हम में अधिकार की भावनाओं को मजबूत करने में मदद कर सकता है।



**चिंता एक रक्षा तंत्र है:** चिंता हमें संभावित खतरों के प्रति सचेत करती है, विपरीत परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाती है। चिंता के वक्त हम अपने विभिन्न सहायता सूत्रों और अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता लगाने में सक्षम हो जाते हैं।

**अपराधबोध सुधार का मार्ग है:** अपराधबोध हमें अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। जब हमें अपराधबोध होता है, तो हम अपने व्यवहार को सुधारने और दूसरों के साथ संबंध ठीक करने की कोशिश करते हैं। यह हमें नैतिक बनाए रखने में भी मददगार होता है।

**ऊब-उदासी-दुःख से सीख:** उदासी या ऊब जैसी असहज भावनाएं हमें अधिक विचारशील, साहसी और दूसरों के प्रति दयालु बनाने में मदद कर सकती हैं। अपने 'अंधेरे पक्ष' को दबाने के बजाय उसका उपयोग करके हम एक अधिक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकते हैं। सच्चा व्यक्तिगत विकास तब होता है, जब हम असहज स्थितियों जैसे ऊब, दुःख या अकेलेपन का सामना करते हैं। ऊब हमें कुछ नया खोजने के लिए प्रेरित करती है, जबकि दुःख हमें गहराई से सोचने और दूसरों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने में मदद करता है।

**डर है सुरक्षा गार्ड जैसा:** रॉबर्ट बिस्वास-डाइनर और टॉड काशदान द्वारा लिखित पुस्तक 'द अपसाइड ऑफ योर डार्क साइड' में बताया गया है कि डर को खत्म करने के बजाय इसे एक ईंधन की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। डर हमें गलतियों के प्रति सतर्क रखता है। आप चाहें तो 'डिफेंसिव पेसिमिज्म' का उपयोग कर सकती हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें हम जानबूझकर सबसे खराब स्थिति की कल्पना करते हैं। जैसे खुद से पूछें, 'अगर मैं फेल हो गया तो सबसे बुरा क्या होगा?' जब आप सबसे बुरे परिणाम का अंदाजा लगाकर इससे निपटने की योजना बना लेती हैं, तो आपका दिमाग शांत हो जाता है, क्योंकि अब आपके पास एक 'प्लान बी' है। यह आपको निडर होकर काम करने की शक्ति देता है।

**आत्ममुग्धता के लाभ:** माना कि अत्यधिक आत्ममुग्धता बुरी है, लेकिन संतुलित रूप से आत्ममुग्धता स्वस्थ आत्मविश्वास के रूप में काम करती है। थोड़ा-सी आत्ममुग्धता व्यक्ति को साहसी बनाती है, जिससे वह भीड़ से अलग हटकर अपनी बात रख पाता है और कठिन नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाने में सक्षम होता है। आत्ममुग्धता के कुछ लक्षण व्यक्ति को अधिक उत्पादक, रचनात्मक और महत्वाकांक्षी बना सकते हैं। a

---

## हेयर मास्क से मानसून में बाल रहेंगे हेल्दी

हेयर केयर

नैंसी गुप्ता

बारिश का मौसम बालों के लिए कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ने के कारण बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं। साथ ही स्कैल्प में पसीना और गंदगी जमा होने से डैंड्रफ, खुजली और बाल झड़ने जैसी परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान घरेलू हेयर मास्क की मदद से मानसून में भी बालों की चमक और मजबूती बनाए रखी जा सकती हैं। बारिश के मौसम में बालों की देखभाल के लिए कुछ प्रभावी घरेलू हेयर मास्क के बारे में यहां बता रहे हैं।



**दही-शहद का हेयर मास्क:** मानसून में बालों में नमी बनाए रखना बेहद जरूरी है। दही और शहद का मिश्रण बालों को गहराई से पोषण देने का काम करता है। इसके लिए दो चम्मच दही में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें और बालों की लंबाई पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। यह मास्क बालों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करता है।



**करी पत्ता-नारियल तेल मास्क:** करी पत्ता बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। कुछ करी पत्तों को पीसकर नारियल तेल में मिलाएं और इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर लगाएं। इससे उन्हें पोषण मिलेगा।

**केला-नारियल तेल मास्क:** बारिश के मौसम में फ्रिजी बालों की समस्या आम होती है। इसे कम करने के लिए पके हुए केले में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को बालों पर 25 से 30 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद बालों को धो लें। यह मास्क बालों को स्मूद बनाने के साथ-साथ उनकी प्राकृतिक चमक को भी बढ़ाता है।

**एलोवेरा-दही का मास्क:** यदि स्कैल्प में खुजली या डैंड्रफ की समस्या हो रही है, तो एलोवेरा और दही का हेयर मास्क फायदेमंद हो सकता है। दो चम्मच ताजा एलोवेरा जैल में दो चम्मच दही मिलाकर स्कैल्प और बालों पर लगाएं। यह मिश्रण स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

**मेथी-दही का मास्क:** रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर उसमें दही मिलाएं और बालों की जड़ों में लगाएं। लगभग आधे घंटे बाद बाल धो लें। यह मास्क बालों के झड़ने को कम करने और जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है। a

**(हेयर एक्सपर्ट ऐशानी वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

आप वर्किंग वूमेन हों या फिर हाउसवाइफ, अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। आपका बेली फैट न बढ़े, इसके लिए आप कुछ ईजी एक्ससाइज को अपनी रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

## ईजी एक्सरसाइज से बेली फैट होगा कम

सजेशन

निधि गोयल


आज के दौर में कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वूमेन तक और हाउसवाइफ भी अपनी फिगर को फिट रखना चाहती हैं। यह जरूरी भी है क्योंकि इससे न केवल आप एनर्जेटिक फील करती हैं, हर तरह की ड्रेस पहन सकती हैं। फिट फिगर को मेंटेन करने में महिलाओं के लिए कॉमन प्रॉब्लम बेली फैट होता है। इसे कंट्रोल करने के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो भी कुछ एक्ससाइज से आप अपने बेली फैट को कम कर सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**तेज चाल से वॉकिंग:** रोजाना कुछ मिनट तेज चाल से वॉकिंग या रनिंग से सबसे जल्दी बेली फैट कम होता है। सो आप रोज सुबह, घर के बाहर किसी पार्क में या फिर सड़क किनारे तेज वॉकिंग कर सकती हैं। यदि वर्किंग हैं तो शाम को या फिर सुबह जल्दी उठकर तेज गति से वॉकिंग जरूर करें। कम से कम तीस से पैतालीस मिनट की डेली फास्ट स्पीड वॉकिंग आपके बेली फैट को कम करने में बहुत कारगर है।









**माउंटेन क्लाइंबर्स:** माउंटेन क्लाइंबर्स एक्सरसाइज में आपको जमीन पर उलटे हाथ के पंजो और पैर के पंजों के बल पर शरीर को उठाना होता है। इसके साथ तेजी से घुटनों को एक-एक करके आगे पीछे करना होता है। इसे भी तीन सेट में आपको करना चाहिए। इससे पेट और कोर मसल्स को मजबूती मिलती है और पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे बेली टोंड दिखने लगता है।

**प्लैंक:** जब आप अपना एक्सरसाइज रूटीन खत्म कर लें, खासकर जंपिंग जैक्स के बाद, आप कुछ मिनट प्लैंक जरूर करें। दरअसल, हार्ड वर्कआउट से शरीर गर्म हो जाता है और प्लैंक करते ही पेट पर इसका सीधा असर पड़ता है। ऐसा रोज करने से बेली फैट तेजी से कम होता है और उसकी मसल्स में टोनिंग आ जाती है। इसे करने के लिए आपको पेट के बल लेटकर हथेलियों और पैर के पंजे के बल पर शरीर को ऊपर उठाना होता है। ज्यादा से ज्यादा समय तक ऊपर रोककर रखना होता है। हर बार जितना संभव हो स्टे टाइम को बढ़ाते रहना होता है।

**जंपिंग जैक्स:** बेली फैट को कम करने के लिए जंपिंग जैक्स एक्सरसाइज भी बेहद फायदेमंद है। इसे तीन सेट में करना चाहिए। आरंभ में आप 15-15 स्टेप्स के तीन सेट में यह एक्सरसाइज करें। जंपिंग जैक्स करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज होती है लेकिन इससे पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। यह एक्सरसाइज आप घर में कहीं भी खुली जगह में कर सकती हैं।

**इन बातों पर ध्यान दें:** जंक फूड खाने से बचें, ज्यादा से ज्यादा सलाद और फल खाएं। चीनी, कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें। रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। तली-भुनी चीजें कम से कम खाएं। a

**(फिटनेस इंस्ट्रक्टर राहुल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराया

# नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में, ब्राजील बाहर

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एर्लिंग हालैंड ने 80वें मिनट में पहला गोल किया और नियमित समय के समाप्त होने से ठीक पहले एक और गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस युवा स्ट्राइकर को मैच में अधिकतर समय गेंद को स्पर्श करने के कम ही मौके मिले लेकिन जब महत्वपूर्ण अवसर पर गेंद उनकी जद में आई तो उन्होंने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर दिखा दिया कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। हालैंड ने हाफ टाइम के बाद मैदान में उतरे एंड्रियास शेल्डरुप के बेहतरीन पास पर गेंद को अपने दाहिने तरफ से गोल में पहुंचाया। यह छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का विश्व कप में छठा गोल था, जिसका जश्न शेल्डरुप ने उनकी पीठ पर चढ़कर मनाया। शेल्डरुप ने इसके बाद हालैंड के विश्व कप में सातवें गोल करने में भी मदद की और फिर उसी तरह से जश्न मनाया।

### मेस्सी, एमबाप्पे की बराबरी पहुंचे हालैंड

इस गोल से हालैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के मामले में लियोनेल मेस्सी और काइलियन एमबाप्पे की बराबरी कर ली। ब्राजील की तरफ से नेमार ने स्टॉपेज टाइम के अंत में पेनल्टी किक पर गोल किया, जिससे उसकी हार का अंतर ही कम हुआ। हालैंड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल करने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान उन्होंने 27 गोल किए हैं। नॉर्वे के लिए वह 54 मैचों में 62 गोल कर चुके हैं। नॉर्वे की इस जीत में उसके गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कुछ शानदार बचाव किए।





## नेमार ने इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा

**ईस्ट रदरफोर्ड।** स्टार स्ट्राइकर नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। नेमार ने कहा, 'मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम से हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है।' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ बेंच से मैदान में उतरने के बाद अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। ढदाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राजील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है।

### जीत के बाद जश्न में डूबा नॉर्वे

**ईस्ट रदरफोर्ड।** पांच बार के चैंपियन ब्राजील पर 2-1 से मिली जीत में दोनों गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड का मन नॉर्वे की गलियों में घूम रहा है, जहां हजारों की तादाद में फुटबॉलप्रेमी साथ में 'वाइकिंग रो' जश्न मना रहे हैं। हालैंड ने इस असाधारण जीत के बाद कहा ,' नॉर्वे की सड़कों को देखो। मैंने पहले ऐसा कभी नहीं देखा। काश मैं ओस्लो में होता और उन लोगों के साथ जश्न मना रहा होता।' लेकिन नॉर्वे फुटबॉल टीम के लिए अच्छा है कि वह अमेरिका में हैं और फीफा विश्व कप में दनादन गोल करके 55 लाख के करीब आबादी वाले अपने देश को जश्न मनाने के मौके लगातार दे रहे हैं। ओस्लो में टाउन हॉल के बाहर चौक पर करीब 50 हजार प्रशंसक मौजूद थे, जिन्होंने गले में नॉर्वे फुटबॉल का स्कार्फ पहन रखा था। नॉर्वे के युवराज हाकॉन रॉयल पैलेस के बाहर प्रशंसकों से मिले और मैच के बाद 'वाइकिंग रो' में भी हिस्सा लिया। अब दुनिया भर में लोकप्रिय हुए 'वाइकिंग रो' में सभी प्रशंसक जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी 'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं।



## इंग्लैंड ने रोका मैक्सिको का अजेय अभियान, अंतिम 16 में बनाई जगह

**मैक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम से कुछ कड़वी यादें जुड़ी थी जबकि मैक्सिको विश्व कप में हमेशा यहां से सुखद अनुभूति के साथ ही लौटा था लेकिन इसका उल्टा हो गया। इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए और हैरी केन ने पेनल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे इंग्लैंड ने इस स्टेडियम में मैक्सिको को विश्व कप में पहली हार का स्वाद चखाया। इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे का सामना करेगा। यह वही स्टेडियम है, जहां 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में डियागो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी के सर्वश्रेष्ठ गोल' की बदौलत अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराया था।

### खबर संक्षेप



#### अदिति ने हासिल किया तीसरा स्थान

**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर अदिति अशोक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुलेनकोर्ट विमेंस ओपन में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि दीक्षा डागर संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में दो-अंडर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर नौ-अंडर 279 रहा। वह स्पेन की विजेता कैरोलिना लोपेज चाकारा से तीन शॉट पीछे रहीं। चाकारा ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 का कार्ड खेलते हुए कुल 12-अंडर 276 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट (एक-ओवर 73) कुल नौ-अंडर के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। अदिति और दीक्षा ने अंतिम दौर की शुरुआत संयुक्त तीसरे स्थान से की थी। तब दोनों का स्कोर पांच-अंडर था और वे बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे थे।

#### 16 जुलाई से चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट




**चेन्नई।** विश्व चैंपियन गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के चौथे सत्र में हिस्सा लेंगे। इस 75 लाख रुपए इनामी राशि वाले टूर्नामेंट से महत्वपूर्ण फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे, जो अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे खिलाड़ियों के लिए अहम होंगे। प्रतियोगिता में दो बार के ग्रैंड चेस टूर चैंपियन अलीरेजा फिरोजा, 2026 बुलेट चेस चैंपियन निहाल सरीन, पूर्व कैंडिडेट्स चैलेंजर दिमित्री आंद्रेकिन, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन और पिछले साल के चैलेंजर्स चैंपियन प्रणेश एम भी खेलते हुए नजर आएंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 'ओपनिंग मूव्स फोटोस्लॉट' टिकट पेश किया जाएगा, जिससे प्रशंसकों को अपने फोन और कैमरे के साथ टूर्नामेंट हॉल में जाने और दुनिया के कुछ सबसे बड़े स्टार शतरंज खिलाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो लेने का खास मौका मिलेगा।

विम्बलडन

## ओसाका ने विश्व नंबर-1 सबालेंका को हराया, क्वार्टर फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| लंदन

जापान की नाओमी ओसाका ने विम्बलडन में इस साल के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका को 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मुकाबले से पहले सबालेंका इस वर्ष तीनों भिड़ंतों में ओसाका को हरा चुकी थीं, जिनमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के इसी दौर का मुकाबला भी शामिल था। ओसाका ने मैच के शुरुआती सेट में अपना सब कुछ झोक दिया और उनकी यह रणनीति कारगर रही। ओसाका की तेज और सपाट ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने सबालेंका बेबस नजर आईं।

### ओसाका ने मनाया जीत का उत्सव

ओसाका ने कहा, 'क्ले कोर्ट पर मुझे लगा कि वह लगातार मुझे बैकफुट पर धकेल रही थीं। इस बार मेरी कोशिश थी कि मैं पहले उन पर दबाव बनाऊं।' जीत के बाद ओसाका ने मुट्ठियां लहराकर जश्न मनाया, मुस्कुराईं और रैकेट सिर के ऊपर उठाकर घूमते हुए सेंटर कोर्ट पर अपने करियर की पहली जीत का उत्सव मनाया।



### ओसाका के सामने अब मुचोवा की चुनौती


अंतिम आठ में ओसाका के सामने अब कारोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके परिणाम के साथ यह भी तय हो गया कि इस बार विम्बलडन महिला एकल में नया चैंपियन मिलेगा। महिला एकल के अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेनचिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना हमवतन जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी ईवा जोविच को 4-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया।

## श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज का पलटवार

**दूसरा टेस्ट : शाई होप और ग्रीव्स ने की शानदार साझेदारी**

एजेंसी ▶▶| नार्थ साउंड

कप्तान शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स के बीच पांचवें विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 318 रन बना लिए। टीम अब भी श्रीलंका के 9 विकेट पर 549 रन पर पारी घोषित स्कोर से 231 रन पीछे है।



### अब तक गिरे सिर्फ 13 विकेट

धीमी रफ्तार से आगे बढ़े दिन के खेल में केवल तीन विकेट गिरे, जबकि कुल 260 रन बने। टेस्ट के पहले तीन दिनों में अब तक सिर्फ 13 विकेट ही गिरे हैं, जो बल्लेबाजों के अनुकूल पिच का संकेत है। स्टंप्स के समय होप 86 और ग्रीव्स 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों अपने-अपने टेस्ट करियर के क्रमशः पांचवें और तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही उनकी नजर न्यूजीलैंड के खिलाफ दिसंबर में क्राइस्टचर्च में बनाई गई 196 रन की अपनी सर्वोच्च साझेदारी के रिकॉर्ड पर भी है।

### सीरीज में वेस्टइंडीज 1-0 से आगे

वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में पहले टेस्ट में पारी और 217 रन की बड़ी जीत के बाद 1-0 से आगे है। ऐसे में तीसरे दिन श्रीलंका पर मैच में बढ़त बनाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की सपाट पिच पर उसके गेंदबाजों को विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## युवा वनडे : भारत का मजबूत स्कोर अन्वय द्रविड़ ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| हंबनटोटा

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों में 87 की शानदार पारी खेली, जिससे भारत अंडर-19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा वनडे मैच में सभी विकेट खोकर 285 रन बनाए।
भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय (नौ चौके और एक छक्का) और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा। विकेटकीपर-बल्लेबाज



अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

ग्रैंड शतरंज टूर

## प्रज्ञानानंदा की शानदार वापसी हासिल किया तीसरा स्थान



एजेंसी ▶▶| जाग्रेब

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशियाई चरण के अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने 23.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया।

प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के ही मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ 21.5 अंक जुटाकर संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन की शुरुआत जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार के साथ की लेकिन इसके बाद अंतिम आठ बाजियों में छह अंक जुटाकर शानदार वापसी की। उन्हें दूसरी हार हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश के खिलाफ मिली, जबकि उन्होंने टूर्नामेंट विजेता फिरोजा को हराने में सफलता हासिल की।

### अलीरेजा नहीं रख पाए लय बरकरार

ब्लिट्ज के पहले दिन नौ में से आठ अंक हासिल कर शानदार शुरुआत करने वाले अलीरेजा अंतिम दिन लय बरकरार नहीं रख सके और केवल पांच अंक ही जोड़ पाए। इससे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी कुल 23.5 अंकों के साथ उनकी बराबरी कर ली। इसके बाद खिताब का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। शुरुआती दो मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद 'आर्मागेडन' मुकाबले में काले मोहरों से खेल रहे अलीरेजा ने ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया।

### गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर

जर्मनी के विंसेंट कीमर 20 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे।

तीसरे टी20 में आज इंग्लैंड के खिलाफ कांटे का मुकाबला

## टीम इंडिया में बदलाव के संकेत, बिश्नोई हो सकते हैं बाहर

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है।

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है।

### अय्यर की कप्तानी में तीन मुकाबले हारी टीम

अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 'करो या मरो' जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए। उन्होंने तीन 'बैक-फुट नो-बॉल' फेंकी और पारी के 17वें ओवर में 29 रन लुटाए। चार ओवर में बिना विकेट लिए 60 रन खर्च करने के बाद उनकी टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं।



### प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है मौका

विशेषज्ञों का मानना है कि जब अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती पहले से मौजूद थे, तब ओल्ड ट्रैफर्ड की परिस्थितियों में तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर की जरुरत नहीं थी। ट्रेंट ब्रिज की परिस्थितियों को देखते हुए बिश्नोई का अंतिम एकादश में शामिल होना मुश्किल माना जा रहा है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है। स्विंग और पिच से अतिरिक्त हरकत हासिल करने की उनकी क्षमता उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा से बेहतर विकल्प बनाती है, जिनकी 'बैक-ऑफ-द-लेंथ' गेंदें टी20 क्रिकेट में अपेक्षाकृत आसान साबित होती हैं।

### सूर्यवंशी से आक्रामक पारी की उम्मीद

ट्रेंट ब्रिज की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर आक्रामक पारी की उम्मीद होगी। उनके साथ शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा भारतीय पारी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। पिछले छह महीनों से आईपीएल समेत अधिकांश मुकाबले सपाट विकेटों पर खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड की अतिरिक्त उछाल, गेंद की हरकत और सैम कुरन जैसे गेंदबाजों की विविधताओं के सामने संघर्ष करती दिखी है।

**मैच का समय : रात 10:00 बजे**




## हाईकोर्ट ने कहा, बर्खास्त आरक्षक को राहत नहीं

# अपराधिक मामले में दोषमुक्त होने से विभागीय सजा खत्म नहीं होती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि आपराधिक मामले में बरी होना विभागीय दंड को स्वतः समाप्त नहीं करता। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने रीवा पुलिस लाइन के बर्खास्त आरक्षक रामपाल अहिरवार की याचिका निरस्त करते हुए कहा कि विभागीय जांच और आपराधिक मुकदमे के उद्देश्य तथा साक्ष्य के मानदंड अलग-अलग होते हैं।



दरअसल, आरक्षक पर आरोप था कि वर्ष 2017 में ड्यूटी के दौरान ऑटो में सवार महिला द्वारा स्कार्फ हटाने से इनकार करने पर उसने चाकू दिखाकर धमकाया था। इस घटना पर विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बाद में आपराधिक अदालत ने संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि विभागीय जांच में गंभीर कदाचार सिद्ध हुआ है। ऐसे में केवल आपराधिक मामले में दोषमुक्त होने के आधार पर बर्खास्ती का आदेश निरस्त नहीं किया जा सकता।

## हत्या के आरोपी की याचिका पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब सरकार से पूछा-अब तक चालान और गिरफ्तारी क्यों नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी निवासी आकाश पोपटानी की ओर से अपने पिता के माध्यम से दायर रिट याचिका पर राज्य शासन से जवाब तलब किया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिए कि संबंधित पुलिस अधिकारियों से निर्देश प्राप्त किए जाएं। बताया जाए कि अब तक आरोपियों के विरुद्ध चालान प्रस्तुत क्यों नहीं किया गया। औपचारिक गिरफ्तारी क्यों की गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शांतनु तिवारी ने तर्क दिया कि आकाश पोपटानी स्वयं हत्या के एक अन्य प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में है। जबकि वर्तमान रिट याचिका के निजी प्रतिवादी उसी मुकदमे में गवाह हैं और इस प्रकरण में आरोपी भी हैं। इसके बावजूद पुलिस ने निष्पक्ष जांच नहीं की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि माधवनगर थाना पुलिस को शुरू से बताया गया था कि याचिकाकर्ता के साथ गंभीर मारपीट हुई थी और वह चलने-फिरने की स्थिति में नहीं था। यह भी कहा गया कि मृतक चंचलानी शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था तथा बाद में अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की, लेकिन इन तथ्यों की समुचित जांच नहीं की गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि विवेचना लंबित रहने से वह अपने विरुद्ध चल रहे हत्या के मुकदमे में प्रभावी बचाव भी नहीं कर पा रहा है। हाई कोर्ट ने शासन से इस संबंध में निर्देश लेकर अगली सुनवाई पर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

## प्रमोशन में आरक्षण का मामला आज सुनवाई के लिए सूचीबद्ध

**जबलपुर।** बहुचर्चित प्रमोशन में आरक्षण विवाद में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार तस्वीर साफ हो गई है। मप्र हाईकोर्ट ने मामले को एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच के समक्ष सात जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। बेंच की सूची में मामला 17 वें क्रम पर है और इसकी सुनवाई सात जुलाई को प्रथम सत्र में होने की संभावना है। दरअसल, यह मामला 17 फरवरी, 2026 को तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच द्वारा सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद से लंबित है। बाद में जस्टिस सराफ का इंदौर खंडपीठ में स्थानांतरण हो गया। जबकि तत्कालीन चीफ जस्टिस सचदेवा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश नियुक्त हो

**सात जुलाई को एक्टिंग चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच सुनेगी याचिका**

### जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर के चुनाव का हुआ शंखनाद

# पहले दिन अध्यक्ष समेत प्रमुख पदों के लिए भरे गए नामांकन

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर के 2026-28 कार्यकाल के चुनाव की औपचारिक शुरुआत सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के साथ हो गई। पहले ही दिन अध्यक्ष से लेकर सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए दावेदारों ने नामांकन दाखिल कर चुनावी सरगर्मियां तेज कर दीं। न्यायालय परिसर पूरे दिन चुनावी चर्चाओं और समर्थकों की आवाजाही से गुलजार रहा।

मुख्य चुनाव अधिकारी जीएस ठाकुर की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया हुई। अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता अभय शुक्ला ने नामांकन दाखिल किया। पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार शुक्ला एवं दिलीप श्रीवास्तव, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद के लिए वर्षा तिवारी मैदान में उतरीं।

सचिव पद के लिए अमित कुमार साहू, सह सचिव पद के लिए सतीश कुमार शर्मा और शैलेंद्र यादव, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए नेहा मिश्रा ने नामांकन प्रस्तुत किया। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए विधा कुशवाहा, आशीष पांडे, सपन नेमा, राजेश कुमार दुबे, अर्जुन साहू तथा रीता नौटियाल सहित छह अभ्यर्थियों ने अपने पर्चे दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सहायक चुनाव अधिकारी सुभाष शुक्ला, रजनीश यादव, तरुण रोहितास, सचिन अग्रवाल, मीना बेन, प्रिया रामटेक, मीनाक्षी राव, कर्णिका जैन, शिवप्रताप सिंह, नरेंद्र ठाकुर एवं महेंद्र डोंगरे सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। नामांकन की शुरुआत के साथ ही जिला अधिवक्ता संघ का चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। अब आने वाले दिनों में नाम वापसी और प्रचार के साथ मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है।

## सफल बोलीदाता के आवेदन पर 30 दिन में फैसला करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रशासनिक निर्णयों में अनावश्यक विलंब पर टिप्पणी करते हुए आबकारी आयुक्त को निर्देश दिया है कि सफल बोलीदाता के लंबित अभ्यावेदन पर 30 दिनों के भीतर विधि अनुसार कारणयुक्त आदेश पारित करें। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने भैया राठौर एंड कंपनी की याचिका का निराकरण करते हुए यह निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने पक्ष रखा। कोर्ट को बताया गया कि जबलपुर के भानतलैया स्थित सिंधी कैंप की कंपोजिट शराब दुकान के लिए कंपनी सफल बोलीदाता घोषित हुई थी और सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई थीं। लेकिन इसके बावजूद वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने सक्षम प्राधिकारी को अभ्यावेदन पर 30 दिन के भीतर विधिसम्मत निर्णय लेने का निर्देश दिया।

## एमपी बार काउंसिल चुनाव : मुकाबला हुआ और रोचक, इंदौर की मतगणना में कई दिग्गजों ने बनाई बढ़त

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में मतगणना आगे बढ़ने के साथ ही मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। इंदौर जिले की छह मतपेटियों की गिनती पूरी होने के बाद कई प्रमुख उम्मीदवारों ने बढ़त बनाई, जबकि महिला प्रत्याशियों की भी मजबूत मौजूदगी बनी हुई है। परिणामों को लेकर अधिवक्ता समुदाय की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसके पालो व वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ के अनुसार अब तक छह मतपेटियों की गणना पूरी की जा चुकी है। पूरी प्रक्रिया अभ्यर्थियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से कराई जा रही है। अब तक की मतगणना में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, हितोशी जय हार्डिया, नरेन्द्र कुमार जैन और गौरव मिश्रा बढ़त बनाए हुए हैं। महिला उम्मीदवारों में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। प्रतीका पाठक, प्रतिभा वालिया, अन्नु पटेल, प्रीति राजेन्द्र तिवारी और राजकुमारी शर्मा बढ़त हासिल करने वाली प्रमुख महिला प्रत्याशियों में शामिल हैं। इससे अधिवक्ता परिषद में महिला नेतृत्व की मजबूत दावेदारी भी सामने आई है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार मतगणना का प्रत्येक चरण परिणामों को और अधिक रोचक तथा निर्णायक बनाता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मतगणना 16 जून से लगातार जारी है। अब तक कुल 27,023 मतों की गणना हो चुकी है। इनमें 26,011 मतपत्र वैध पाए गए हैं, जबकि 1,012 मतपत्र नियमों के विपरीत होने के कारण निरस्त किए गए हैं। मतगणना की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिदिन यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है तथा प्रत्येक चरण की अद्यतन जानकारी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।




HDFC BANK | SBI | स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें। | tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter | Call: 1800 315 7777

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – जबलपुर : सिंघई टीवीएस, 7970000165, सिंघई टीवीएस ब्रांच, 7970000191, सिया टीवीएस, 8817400130, 8817400131, नर्मदा टीवीएस, 9644966004, 9644966005, नर्मदा टीवीएस ब्रांच, 9644966022, बालाघाट : सतपुड़ा टीवीएस, 9977700737, 8463876187, कटनी : के 3 टीवीएस, 9425154874, 9407439013, नरसिंह टीवीएस, 6267750761, 9039053881, मंडला : माँ रेवा टीवीएस, 7000415209, 9424140700, नरसिंहपुर : भाटिया टीवीएस, 07792-236299, 9111023411, अर्चित टीवीएस, 9754238888, सिवनी : अर्पित टीवीएस, 7898723789, 8839694100, शहडोल : मनोज टीवीएस, 9826366798, 07652-230912, वैढ़न : प्रिंस टीवीएस, 9826789114, 9098634696, अधिकृत विक्रेता जबलपुर : रांझी 9300122757, 9179612850, बेदी नगर 9993233297, गोसालपुर 9977887566, पनागर 9806240088, सिहोरा 9691022227, 9977973525, मझौली 7898404022, 9827620592, कांचघर 9669328111, अधिकृत विक्रेता डिंडौरी : शाहपुरा 9433027927, गाड़ासरई 9424508485, अधिकृत विक्रेता बालाघाट: कटंगी 7869691407, अधिकृत विक्रेता कटनी : बहोरीबंद 6260231716, बरही 8349508490, पवई 9425831675, रीठी 6263283508, शाहनगर 9691091510, स्लीमनाबाद 9981827688, उमरिया 9406531622, विजयराघवगढ़ 8251888084, बड़वारा 8770103194, अमरपुर 7582048076, अधिकृत विक्रेता नरसिंहपुर : बरमान 9713721013, 7987583356, गाडरवारा 9406898888, 98266906886, तेंदूखेड़ा 9993618356, 7049545151, गोटेगांव 7049371202, करेली 8889601199, 6264308599, 9926618699, 8720017200, अधिकृत विक्रेता मण्डला : बिछिया 7389911256, 8989607762, नैनपुर 9340547727, 6268900447, अधिकृत विक्रेता सिवनी : बरघाट 8517819200, 9425436764, छपारा 7566040335, 9827676009, केवलारी 9993110847, 9755290608, अधिकृत विक्रेता शहडोल : अमलाई, 9584046909, अनूपपुर 7000656002, ब्योहारी 8861622002, बुढ़ार 9425182091, धनपुरी 9425135035, गोहपारू 7999139906, जयसिंहनगर 9479599510, कोतमा 9424334566, नौरोजाबाद 8319878310, राजेन्द्रग्राम 9770935006, कोतमा 9713923592, मानपुर 9713213171, जैतहरी 8120963160, अधिकृत विक्रेता वैढ़न : निगरी 9630062852, 8085934464, सरई 7470402846, 7697593980, चितरंगी 9407359862, बरगांवा 8085387283, गोनर्रा 9827275805.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240